हरिभूमि
# रायपुर भूमि



**35 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा थ्री-लेन ओवरब्रिज**

871 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा ओवरब्रिज दिलाएगा रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से राहत



## कचना ब्रिज 12.6 टन वजन रखकर लोड टेस्टिंग, इसके बाद चढ़ाए गए गर्डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

सालों से अटके हुए कचना रेलवे क्रासिंग ओरवब्रिज में अंततः गर्डर चढ़ाई हो ही गई। बुधवार को तीन गर्डर चढ़ाए गए। शेष तीन गर्डर आज चढ़ाए जाएंगे। रेलवे प्रशासन की ब्लॉक की अनुमति मिलने के बाद ये गर्डर चढ़ाए गए। बुधवार वाल्टेयर रेलखंड पर चलने वाली कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। ब्रिज के दूसरी ओर भी 6 गर्डर चढ़ाए जाने हैं, लेकिन इसके लिए ब्लॉक लेने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके पहले शनिवार को पीडब्ल्यूडी ने 112.6 टन वजन रखकर लोड टेस्टिंग की थी। टेस्टिंग में ओवरब्रिज के गर्डर सुरक्षित व मजबूत पाए जाने के बाद ही इसे चढ़ाया जा रहा है। गौरतलब है कि यह थ्री-लेन ओवरब्रिज 35 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा है। इसकी लंबाई 871 मीटर और चौड़ाई 12 मीटर है। मई अंत तक निर्माण प्रक्रिया पूर्ण होने की उम्मीद है। निर्माण के बाद फाटक बंद रहने पर लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिल सकेगी। हालांकि इसके लिए कुछ माह और इंतजार करना होगा।







## खबर संक्षेप

### हत्या के आरोपी को उम्रकैद

**रायपुर।** हत्या के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मृतका नगर सैनिक में कार्यरत थी। विशेष लोक अभियोजक उमाशंकर वर्मा के अनुसार कोर्ट ने गरियाबंद पांडुका निवासी सोहन राम साहू को कैद की सजा सुनाई है। सोहन ने अपनी पत्नी ओमिका ध्रुव की गमछा से गला घोंटकर 12 अप्रैल 2025 को हत्या की थी। हत्या का कारण सोहन का अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करना था। सोहन ने ओमिका के साथ प्रेम विवाह किया था।

### रिफंड का झांसा देकर 1.35 लाख की ठगी

**रायपुर।** खमतराई थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ आनलाइन शापिंग से खरीदे गए मोबाइल के गलत कवर को वापस कर रिफंड देने के नाम पर 1.35 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। भनपुरी निवासी ज्ञान श्रीवास्तव ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। ज्ञान ने पुलिस को बताया है कि उसने शाप्सी एप के माध्यम से मोबाइल का फ्लिप कवर मंगाया था, लेकिन गलत माडल मिलने पर उन्होंने उसे रिटर्न कर दिया। रिटर्न के बाद ज्ञान ने दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। उधर से बात करने वाले व्यक्ति ने खुद को कस्टमर सपोर्ट बताकर रिफंड कराने की बात कही। इसके बाद ठग ने ज्ञान को वाट्सएप काल कर स्क्रीन शेयर करने को कहा और पीड़ित को अपने निर्देशों का पालन करने के लिए कहकर अकाउंट से रुपए आहरण कर ठगी का शिकार बनाया।

### होटल, लॉज, बार, ढाबा संचालक की बैठक



**रायपुर।** पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत संवाद से समाधान अभियान की कड़ी में बुधवार को पुलिस उपायुक्त (नार्थ जोन) मयंक गुर्जर के नेतृत्व में होटल, ढाबा, लॉज एवं बार संचालकों की बैठक बुलाई गई। बैठक में एडीसीपी आकाश मरकाम एवं एसीपी पूर्णिमा लांबा की उपस्थिति रही। बैठक में नार्थ जोन के थाना खमतराई, उरला, गुढ़ियारी, पंडरी एवं खम्हारडीह क्षेत्र के सभी होटल, ढाबा, लॉज एवं बार संचालक उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस अफसर ने सभी संचालकों को शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं लाइसेंस शर्तों का कड़ाई से पालन करने, समय-सीमा का ध्यान रखने, अवैध गतिविधियों पर पूर्ण रूप से रोक लगाने पुलिस अफसर ने निर्देश दिए।

### प्रतिबंधित टेबलेट के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने दो लड़कों के कब्जे से 50 हजार रुपए से ज्यादा कीमत का प्रतिबंधित नशीला टेबलेट जब्त किया है। नशीला टेबलेट के साथ पुलिस ने दुर्गेश महानंद उर्फ फुला एवं शनि टंडन उर्फ हनी को गिरफ्तार किया है। न्यू शांति नगर स्थित मणिकर्णिका मुक्तिधाम के पास से पुलिस ने दोनों लड़कों से 80 प्रतिबंधित टेबलेट निट्राजेपम जब्त किया है।

सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद पूर्व आबकारी मंत्री की रिहाई का रास्ता हुआ साफ

## पूर्व मंत्री कवासी आए जेल से बाहर, समर्थक झूमे, पत्नी ने कहा- चिंता में दुबली हो गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शराब घोटाला के आरोप में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री, विधायक कवासी लखमा की बुधवार को रायपुर सेंट्रल जेल से रिहाई हुई। सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद कवासी लखमा की जेल से रिहाई हुई है। श्री लखमा एक साल 14 दिन तक जेल में बंद रहे। ईडी और ईओडब्लू ने कवासी लखमा की शराब घोटाला के आरोप में अलग-अलग गिरफ्तारी की थी।

- लखमा के स्वागत के लिए सैकड़ों की संख्या में पहुंचे समर्थक

रिहाई की जानकारी मिलने पर सैकड़ों की संख्या में कवासी लखमा के समर्थक जेल परिसर पहुंचे। कवासी लखमा को लेने के लिए विशेष तौर पर उनकी पत्नी बुधनी लखमा जेल परिसर पहुंची हुई थीं। समर्थकों के अनुसार कवासी लखमा की रिहाई की जानकारी बुधनी को जैसे ही दी गई, उनकी आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था कि उनके पति की बुधवार को जेल से रिहाई होगी। पति की रिहाई की जानकारी मिलने पर बुधनी मंगलवार को ही रायपुर ▶▶| शेष पेज 13 पर

### पत्नी बोली सोच-सोच कर मन घबरा रहा था



कवासी लखमा के स्वागत में पहुंची उनकी पत्नी बुधनी ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि उनका पति जेल की चारदीवारी में बंद था। इस बात को सोच-सोच कर उनका मन घबरा रहा था। बुधनी दिन रात यही सोचती थीं कि उनके पति की कब रिहाई होगी। पति के जेल में बंद होने की वजह से तनाव में उसने खाना कम कर दिया था, जिसकी वजह से उन्होंने अपने दुबली होने की जानकारी दी।



### इन शर्तों के साथ मिली है जमानत

कवासी लखमा को सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत मिली है। कोर्ट ने कहा है, मामले की सुनवाई होते तक कवासी लखमा को राज्य की सीमा से बाहर रहना होगा। इसके साथ ही उन्हें संबंधित कोर्ट में अपना पासपोर्ट जमा कराना होगा। वे जहां भी रहेंगे, इसकी जानकारी संबंधित कोर्ट को देनी होगी। साथ ही पूछताछ करने जांच एजेंसी कवासी लखमा को जब तलब करेगी, उन्हें आना होगा और उन्हें पूछताछ में सहयोग करना होगा। कवासी लखमा केवल सुनवाई के दौरान रायपुर आएंगे।

### स्वागत करने नृत्य दल पहुंचे

कवासी लखमा की रिहाई के समय बस्तर से नृत्य दल पहुंचे। जेल परिसर के बाहर नृत्य दल बाजे-गाजे के साथ गोंडी नृत्य करते देखे गए। कोंटा से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और समर्थक कवासी लखमा का स्वागत करने जेल परिसर पहुंचे हुए थे। कवासी की रिहाई के समय जेल रोड के मार्ग को कुछ समय के लिए वन-वे कर मार्ग डायवर्ट कर दिया गया था।

### कवासी पर यह है आरोप


ईडी के आरोपों के मुताबिक कवासी लखमा शराब घोटाला सिंडेकेट की अहम कड़ी थे। लखमा के निर्देश पर ही सिंडिकेट काम करता था। इनसे शराब सिंडिकेट को मदद मिलती थी। ईडी के आरोपों के मुताबिक शराब नीति बदलने में कवासी लखमा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूर्व आबकारी मंत्री के इशारे पर छत्तीसगढ़ में एफएल-10 लाइसेंस की शुरुआत हुई। ईडी का दावा है कि लखमा को आबकारी विभाग में हो रही गड़बड़ियों की जानकारी थी, लेकिन उन्होंने उसे रोकने के लिए कुछ नहीं किया।

### जल, जंगल, जमीन की लड़ाई जारी रहेगी

जेल से रिहा होने के बाद कवासी लखमा ने मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस के तमाम बड़े नेता तथा अपने क्षेत्र की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि जेल में रहते हुए उन लोगों ने उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने अपनी रिहाई को न्याय की जीत बताते हुए न्यायलय में न्याय पाने की उम्मीद व्यक्त की। साथ ही उन्होंने कहा कि वह मरते दम तक बस्तर क्षेत्र के जल, जंगल तथा जमीन की लड़ाई लड़ते रहेंगे।

नमीयुक्त हवा का प्रभाव

## उत्तरी हिस्से में मामूली बारिश शहर में छाए हल्के बादल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नमीयुक्त हवा के प्रभाव से दो दिन से सरगुजा संभाग के एक दो स्थानों पर हल्की बारिश हुई है। नमीयुक्त हवा के असर से शहर में भी हल्के बादल छाए रहे। अनुमान है, इस सप्ताह मौसम में किसी तरह का बड़ा बदलाव होने की संभावना बेहद कम है। जनवरी के अंतिम दिनों में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ का क्रम जारी है और इसकी वजह से रात का तापमान अभी बढ़ा हुआ है। छाए बादलों की वजह से दिन का पारा तेजी के बजाए धीमे-धीमे बढ़ रहा है। हवा के दिशा में बदलाव होने की वजह से मंगल और बुधवार को सरगुजा संभाग के कुछ शहरों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। वहां हल्के बादल ने रायपुर समेत मध्य हिस्से में धूप की चमक को फीका कर दिया।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी विक्षोभ के सक्रिय होने का क्रम जारी है और इसके असर से दस फरवरी तक मौसम में बड़ा बदलाव होने की संभावना कम है। विक्षोभ के प्रभाव से छाए बादल जब छंट जाएंगे, तो रात के तापमान में थोड़ी कमी आएगी। अभी ठंड का प्रभाव सुबह-सुबह महसूस हो रहा है। बुधवार को राज्य में सबसे ज्यादा तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस जगदलपुर का रिकार्ड किया गया। वहीं रायपुर का अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## हाउसिंग बोर्ड की 32 और आरडीए की तीन कॉलोनियां होंगी निकायों के हवाले, इसमें सबसे ज्यादा रायपुर की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड की 32 और रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) की 3 कॉलोनियों को संबंधित क्षेत्र के नगरीय निकायों, जैसे नगर निगम, पालिका में हस्तांतरित किया जाएगा।



- मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में कैबिनेट का फैसला
- कौशल्या विहार, इंद्रप्रस्थ 1-2 भी हैं शामिल

मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए निर्णय की जानकारी में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल और रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बनाई गई और पूरी हो चुकी 35 आवासीय कॉलोनियों को नगर निगम और नगर पालिकाओं को सौंपा जाएगा। इन कॉलोनियों में खुले भू-खंड, उद्यान और अन्य सार्वजनिक सुविधाएं शामिल होंगी। हालांकि, आवासीय, व्यावसायिक और अर्द्धसार्वजनिक बिक्री योग्य संपत्तियां इसमें शामिल नहीं होंगी।

### ये कॉलोनियां होंगी निकायों के हवाले

कुंरा, धरसींवा नगर पंचायत, कुरा धरसींवा, सामान्य आवास योजना कचना फेस 2, रायपुर नगर पालिक निगम रायपुर, सामान्य आवास योजना, सरहद फेस-02, रायपुर नगर पालिक निगम रायपुर, सामान्य आवास योजना स्टूडियो अपार्टमेंट शंकर नगर रायपुर नगर पालिक निगम रायपुर, दीनदयाल आवास योजना, कोहका तिल्दा नगर निगम तिल्दा, सामान्य आवास कॉलोनी, हिमालयन हाईट्स, डूमरतराई, फेस-01, रायपुर, सामान्य आवास कॉलोनी, हिमालयन हाईट्स, डूमरतराई, फेस-02 रायपुर, नगर पालिक निगम रायपुर, सामान्य आवास योजना, सेक्टर-27, नवा रायपुर अटल नगर (प्रकोष्ठ भवन) नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर, सामान्य आवास योजना, सेक्टर-29, नवा रायपुर अटल नगर (प्रकोष्ठ भवन), प्रधानमंत्री सह मुख्यमंत्री आवास योजना, सेक्टर-30 (प्लाट नं.-सी/4) प्रधानमंत्री सह मुख्यमंत्री आवास योजना, सेक्टर-30 (प्लाट नं.-ए/5), सामान्य आवास योजना, सेक्टर-12, नवा रायपुर अटल नगर, अटल विहार योजना, उरला, अभनपुर, अटल विहार योजना, ▶▶| शेष पेज 13 पर

### इसलिए किया जा रहा है हस्तांतरण

अभी इन कॉलोनियों का हस्तांतरण नहीं होने के कारण वहां रहने वाले लोगों को कई मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। कॉलोनियों के रखरखाव के लिए निवासियों को दोहरा खर्च उठाना पड़ रहा है। एक ओर वे नगर निगम को संपत्ति कर दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर गृह निर्माण मंडल को भी रखरखाव शुल्क देना पड़ता है। इन कॉलोनियों के हस्तांतरण से नगरीय निकायों द्वारा यहां पानी, बिजली, सड़क, सफाई जैसी सुविधाएं दी जा सकेंगी और कॉलोनीवासियों को अतिरिक्त रखरखाव शुल्क से राहत मिलेगी।

## संयुक्त राउंड में मेडिकल पीजी के एडमिशन का आज अंतिम दिन, डिमांड वाली सीट भरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय एवं निजी मेडिकल कालेजों में शासकीय कोटे की पीजी सीट पर एडमिशन का गुरुवार को अंतिम दिन है। तमाम शासकीय कालेजों की डिमांड वाली क्लीनिकल सीटों पर प्रवेश पूरा हो चुका है। वहीं जिनको नॉन क्लीनिकल अथवा नापसंद कालेज का आवंटन हुआ है वे मॉपअप राउंड में सीटों के अपग्रेडेशन के लिए आवेदन का इंतजार कर रहे हैं।

- मॉपअप में अपग्रेडेशन की सुविधा इसलिए कई नए आवेदन का इंतजार

संयुक्त राउंड की काउंसिलिंग के लिए 262 सीटों का आवंटन किया गया था जिसमें से टॉपरों रेडियोडायग्नोसिस विषय का चयन किया था। काउंसिलिंग कमेटी ने पहले राउंड में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 2 फरवरी तय किया था बाद में इसे बढ़ाकर पांच फरवरी कर दिया गया था। काउंसिलिंग के दौर में रायपुर, बिलासपुर ▶▶| शेष पेज 13 पर


*राजस्व महकमे ने की अब तक 30 फीसदी की राजस्व वसूली, केवल 2 माह बाकी*

## प्रतिदिन 25 बकायादारों की दुकानें सील करेगा निगम, घरों के नल काटेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम का राजस्व महकमा इस बार 475 करोड़ के राजस्व वसूली के टारगेट की तुलना में केवल 30 फीसदी वसूली कर पाया है, जबकि बाकी के 2 माह में 70 फीसदी टारगेट पूरा करना महकमे के लिए बड़ी चुनौती है। निगम आयुक्त विश्वदीप ने सभी जोन की डिमांड के विरूद्ध कम वसूली पर नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने बड़े बकायादारों को चिन्हित कर अंतिम नोटिस के बाद बकाया कर भुगतान नहीं करने वाले दुकानदारों की दुकानों को सील करने के

- आयुक्त नाराज, बड़े बकायादारों को चिन्हित कर अंतिम नोटिस के बाद सीलबंदी के निर्देश



निर्देश दिए। आयुक्त ने प्रतिदिन 25 बड़े बकायादारों की दुकानें सील करने का लक्ष्य दिया है। यही नहीं, आवासीय परिसर में अंतिम नोटिस के बाद भी बकाया कर भुगतान नहीं करने पर नल काटने की कार्रवाई के निर्देश दिए।

रायपुर नगर निगम का राजस्व विभाग इस बार राजस्व वसूली के मामले में पिछड़ गया है। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने इस वित्तीय वर्ष में दस जोन के जोन कमिश्नरी को 70 वार्डों से 475 करोड़ की राजस्व वसूली का टारगेट दिया। 8 माह में राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने 145 करोड़ की राजस्व वसूली की, जबकि यह कुल राजस्व वसूली का 30 फीसदी है। सूत्रों के मुताबिक शुरूआत के दो माह में राजस्व विभाग के कर्मचारी व अधिकारियों की शासकीय कार्यों सहित अन्य विभागीय कार्यों में डयूटी की वजह से राजस्व वसूली का काम प्रभावित हुआ। अब उनके पास राजस्व वसूली के लिए केवल 2 माह बाकी है। इसे देखते हुए दस जोन के सभी जोन कमिश्नरों को निर्देशित किया गया है कि फरवरी माह में डिमांड का 30 फीसदी और शेष राजस्व वसूली अंतिम वित्तीय माह में पूरा करें। निगम आयुक्त विश्वदीप ने बुधवार को महात्मा ▶▶| शेष पेज 13 पर

निजी स्कूलों की परीक्षाएं जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा कराए जाने का मामला

## मान्यता नियमों में परीक्षा का जिक्र नहीं, ब्लू प्रिंट भी अब तक गायब!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा निजी स्कूलों की परीक्षाएं आयोजित किए जाने संबंधित आदेश का प्रदेशव्यापी विरोध प्रारंभ हो गया है। निजी स्कूलों ने डीपीआई को आदेश वापस लेने खत लिखा है। संघ ने यह भी कहा है कि यदि तानाशाही जारी रही तो वे सड़क पर उतरने से भी नहीं हिचकिचाएंगे। अभी तक परीक्षा का कोई भी ब्लूप्रिंट, परीक्षा का पाठ्यक्रम (सिलेबस) आदि जारी नहीं किया गया है। परीक्षा निर्धारित पाठ्यक्रम में से कितने प्रतिशत पाठ्यक्रम पर ली जाएगी, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। दसवीं एवं बारहवीं के आवेदन अक्टूबर माह तक जमा कर लिए गए हैं और उनकी परीक्षाएं भी मार्च -अप्रैल में होना तय है, लेकिन इन परीक्षाओं के लिए अभी तक आवेदन की अधिसूचना ही जारी नहीं की गई है, जबकि आदेश में परीक्षाओं का आयोजन मार्च में होने का उल्लेख है। गौरतलब है कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 3 फरवरी को प्रदेश के स्कूलों में पहली से ग्यारहवीं कक्षा तक (5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं को छोड़कर) वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा करवाने आदेश जारी किया है।




- विरोध में उतरे निजी स्कूल, कहा-एक माह में लाखों विद्यार्थियों का बंदोबस्त कैसे?

### निजी स्कूल पढ़ाते हैं अतिरिक्त विषय

निजी स्कूल संघ ने शासन-प्रशासन को लिखे अपने खत में कहा है, शिक्षा के अधिकार कानून में इस तरह की किसी परीक्षा का उल्लेख नहीं है। ये परीक्षाएं नियमों के विरुद्ध हैं।मान्यता नियमों में भी इन कक्षाओं में किसी अन्य द्वारा परीक्षा करवाए जाने का उल्लेख नहीं है। निजी स्कूल ऐसे बहुत से विषय पढ़ाते हैं जिनकी परीक्षा भी वह स्वयं लेते हैं। नैतिक शिक्षा सहित कई रचनात्मक विषय उनके पाठ्यक्रम का हिस्सा है। ऐसे कई विषय स्कूल शिक्षा विभाग के पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं है।

### बढ़ेगा मानसिक दबाव

बोर्ड के अलावा किसी भी तरह की परीक्षाएं निजी स्कूलों में लेना यह सरासर निजी स्कूलों की स्वायत्तता पर हमला है। सत्र के अंतिम माह में परीक्षाओं की घोषणा करना विद्यार्थियों पर मानसिक दबाव डालने वाला फैसला है। निजी स्कूल संघ अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा, इस फैसले से विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ेगा। पालक का अधिकार है कि वो बच्चों को किस तरह से पढ़वाना चाहते हैं, इसलिए किसी प्रकार से जबरदस्ती किया जाना मौलिक अधिकारों का हनन है। जारी आदेश के बाद एक महीने में विभाग किस तरह लाखों विद्यार्थियों की परीक्षा का इंतजाम कर पाएगा? पत्र के अनुसार जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया जाना है। अभी तक किसी भी जिले में इस समिति का गठन नहीं किया गया है। पत्र जारी होने के अलावा किसी तरह की कोई भी तैयारी स्कूल शिक्षा विभाग अभी तक नहीं कर पाया है।

**खबर संक्षेप**

## गोढ़ी में सात को मड़ई मेला, मंत्री खुशवंत होंगे शामिल

**आरंग।** जनपद पंचायत आरंग के अंतर्गत यज्ञ ग्राम गोढ़ी में ग्रामवासियों के सहयोग से 7 फरवरी को मड़ई मेला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल रमेश बैस होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरु खुशवंत साहेब (कैबिनेट मंत्री) करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्याम बैस (पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ बीज विकास निगम), श्याम नारंग (अध्यक्ष, भाजपा जिला रायपुर ग्रामीण), अमिनेष कश्यप (उपाध्यक्ष, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर), ललिता कृष्णा वर्मा (महामंत्री, भाजपा जिला रायपुर ग्रामीण) एवं गोपाल वर्मा (अध्यक्ष, भाजपा मंडल मंदिर हसौद) उपस्थित रहेंगे। मड़ई मेला महोत्सव के अवसर पर रात्रि में मनोरंजन हेतु छत्तीसगढ़ी नाचा की प्रस्तुति भी होगी।

## विकसित भारत की नींव है केंद्रीय आम बजट

मंदिर हसौद। राजधानी रायपुर के समीप स्थित नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद छाया अध्यक्ष - संदीप जोशी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का सर्वेश्वर बजट पेश करने के लिए बधाई देते हुए कहा है कि एक ऐतिहासिक बजट है को किसानों की आय दुगनी करने वाला बजट है बताया और इस बजट से किसानों में खुशहाली आएगी इसके साथ ही बुनियाद ढांचे जैसे सड़क रेल और ऊर्जा पर निवेश बढ़ने से रोजगार में नए अवसर पैदा होंगे और देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी इस बजट में पर्यावरण और सौर ऊर्जा जैसे मुद्दों को भी ध्यान में रखा गया है । जो हमारे भविष्य के लिए बेहद जरूरी और महिलाओं और वंचित वर्गों के लिए विशेष योजनाएं सामाजिक समावेशन को सिद्धांत तथा शिक्षा और कौशल विकास के लिए किए गए प्रावधान युवाओं को आत्मनिर्भर बनायेगा।



## शिक्षा से छत्तीसगढ़ का होगा सुनहरा भविष्य : ध्रुव मिर्धा

**आरंग।** छत्तीसगढ़ शासन के राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त एवं अध्यक्ष, चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड ध्रुव कुमार मिर्धा ने शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला रविदास नगर में शासन द्वारा नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष का विधिवत उद्घाटन कर उसे नन्हे बच्चों को समर्पित किया। लोकार्पण के पश्चात बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए ध्रुव मिर्धा ने शिक्षा को समाज की रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार का संकल्प है कि हर गांव और मोहल्ले के बच्चों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्कूल मिले। यह अतिरिक्त कक्ष केवल ईंट-पत्थर का निर्माण नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों को उड़ान देने वाला केंद्र है। मंत्री मिर्धा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, /"बेटा, खूब पढ़ो और आगे बढ़ो। शिक्षा वह शस्त्र है, जिससे आप न केवल अपना बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं।

## वार्ड 4 और 13 में हुआ भूमि पूजन

**आरंग।** नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन एवं पार्षद दल के साथ-साथ भाजपा कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति में अटल आवास वार्ड क्रमांक 13 में नाली निर्माण तथा वार्ड क्रमांक 4 रानीसागर तालाब घाट पर सी.सी. रोड निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने कहा कि नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध भाजपा सरकार आरंग शहर के विकास में हमेशा आगे रही है। उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए उक्त कार्यों के लिए भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण कुमार भारद्वाज, पार्षद नरेंद्र लोधी, पार्षद गोलू वीरेंद्र कंडरा, महामंत्री आरंग मंडल राकेश सोनकर, पार्षद प्रतिनिधि विक्रम परमार, पार्षद प्रतिनिधि खिलेश धुरंधर, पार्षद प्रतिनिधि डॉ. तोषण साहू, पार्षद ईश्वर पटेल, लल्लू चेतन जलक्षत्री एवं वार्डवासियों की उपस्थिति रही।

# सशिमं के वार्षिकोत्सव में करमा, सुवा, पंथी, होली, जंवारा, राउत नाचा के साथ रीमिक्स गीतों की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



सरस्वती शिशु मंदिर गुल्लू में वार्षिकोत्सव के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में देवनाथ साहू (अध्यक्ष, भाजपा मंडल आरंग), संदीप जैन (अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद आरंग) एवं राकेश चंद्राकर (जनपद सदस्य प्रतिनिधि) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच हर्षा चंद्रशेखर साहू ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, भारत माता एवं प्रणव 'ॐ' के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने विधायक निधि से 5 लाख रुपये की लागत से सरस्वती शिशु मंदिर गुल्लू में आहाता निर्माण का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में कक्षा अरुण से लेकर अष्टम तक के भैया-बहनों ने करमा, सुवा, पंथी, होली, ददरिया, जावारा, राउत नाचा, भोजली, रीमिक्स गीत, बारहमासी गीत, देशभक्ति एवं छत्तीसगढ़ की लोकधरोहर से जुड़े नृत्यों की सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं। छोटे-बड़े भैया-बहनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया, जिसे दर्शक दीर्घा ने तालियों और पुरस्कार राशि देकर प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय शिक्षा संस्थानों की परंपरा केवल पढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षक एक मार्गदर्शक (गुरु) के रूप में बच्चों के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन लुकेश्वरी लोधी एवं सुनीता साहू ने किया। आयोजन को सफल बनाने में सत्यार्थ प्रकाश साहू (अध्यक्ष), अशोक यादव (सचिव), रामू लोधी (सह-सचिव), शीतल बंजारे, अरविंद टंडन, पुष्पा यादव, मीना साहू, प्रधानाचार्य डोमार सिंह लोधी, संतोष पटेल, साहिल, बसंती साहू, हेमलता साहू, कविता साहू, दुर्गा यादव, अमृत धीवर, खेमिन पटेल एवं तुलसी साहू सहित अन्य का विशेष सहयोग रहा। अंत में सचिव अशोक यादव ने मंचस्थ अतिथियों, दर्शक दीर्घा एवं समस्त ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## रायपुर तिल्दा के बीच रेलवे ट्रैक पर बड़ा हादसा

# ट्रेन की चपेट में आने से हुई दो रेल ट्रैक कर्मियों की आन ड्यूटी मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



तिल्दा-नेवरा से बड़ी खबर आयी है. रायपुर तिल्दा के बीच बैकुंठ पुलिया रलवे ट्रैक पर बड़ा हादसा हुआ है. यहाँ ट्रैक पर कार्य कर रहे 2 रेलकर्मियों के लिंक एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई ।तिल्दा पुलिस मामले की जाँच कर रही है। मृतकों में एक रेलवे विभाग का नियमित कर्मचारी और दूसरा ठेके पर कार्य करने वाला युवक बताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक हादसाबुधवार की सुबह बैकुंठ पुलिया के ऊपर डाउन मिडिल लाइन के पास हुआ। बताया जा रहा है की रेलवे कर्मी लाला राम बंजारे उम्र 55 साल रेलवे विभाग में कार्यरत था । वहीं मोहन लाल साहू 26 साल एक रलवे ठेकेदार केअंदर में काम करता था ।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों व्यक्ति रेलवे ट्रैक के पास काम कर रहे थे , तभी तेज रफ्तार से आ रही लिंक एक्सप्रेस ट्रेन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। ट्रेन की रफ्तार इतनी अधिक थी कि दोनों को संभलने का मौका तक नहीं मिला और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

हादसे के बाद वहां काम कर रहे लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही तिल्दा पुलिस मौके पर पहुंची और रेलवे अधिकारियों को भी अवगत कराया गया। तिल्दा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों मृतकों का पंचनामा कराया ,और दोनों के शव को चीर घर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया । पलिस मार्ग कायम कर मामले की जाँच में जुट गई है । पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला दुर्घटना का सामने आया है बावजूद पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है। रेलवे विभाग से संबंधित दस्तावेज और ड्यूटी रिकॉर्ड की भी जाच की जा रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि हादसे के समय दोनों व्यक्ति वहां किस कार्य से मौजूद थे।घटना की सूचना मिलते ही दोनों मृतकों के परिवारों में गहरे सदमे में है ।इस हादसे के बाद कई प्रकार चर्चा हो रही है ,जानकारी के मुताबिक ट्रेक में कम होने पर ट्रेन की गति धीमी कर दी जाती है लेकिन यहाँ काफी रफ्तार से आई जिसके करण काम करने वालेदोनों कर्मी संभल नही पाएऔर दोनों की हादसे में जन चली गई ।

# अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों व अफसरों का किया गया सम्मान



**अभनपुर।** तदर्थ तहसील अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों, पूर्व अध्यक्षों एवं स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के सम्मान में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं के अधिकार, कर्तव्य, अधिवक्ता हितों की सुरक्षा, समाज में अधिवक्ताओं की भूमिका तथा अधिकारियों और अधिवक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अधिवक्ता संघ रायपुर अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता हितेन्द्र तिवारी एवं एसडीएम रवि सिंह ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह व्यवस्था और नियमों का पालन करे। अधिवक्ता के रूप में यह जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। न्याय प्राप्ति के उद्देश्य से कानून के संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक प्रतिष्ठा एवं आर्थिक संतुलन को बनाए रखते हुए पक्षकार के हित में प्रभावी पक्ष प्रस्तुत करना अधिवक्ताओं का प्रमुख दायित्व है। सभा का मंच संचालन अधिवक्ता अनिल अग्रवाल द्वारा किया गया। स्वागत भाषण अधिवक्ता नोटरी प्रहलाद साहू तथा आभार प्रदर्शन अधिवक्ता नोटरी चेमन ठाकुर ने किया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ पूर्व अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह ठाकुर, सचिव अरुण मिश्रा, कोषाध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष किशोर ताम्रकार एवं अभनपुर तहसीलदार श्रीमती सीता शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष श्रीमती रीतू बुन्देल, सांस्कृतिक सचिव परस राम कश्यप, ग्रंथालय सचिव भंजन जांगड़े, सह सचिव गायत्री साहू, अपूर्व सेन, कार्यकारिणी सदस्य अजय बलानी, सागर पाण्डेय, अंकित फुलझेले, नवरतन यादव, राजीव द्विवेदी, श्रीमती सावित्री नायक, रामायण दास मानिकपुरी,संजीव प्रसाद,संजू यादव,दीना सिन्हा,राजू साहू, शीतला बैस, लोकेश सोनकर,संदपी चौरसिया,संजय मिश्रा,चंन्द्राकांत शर्मा,प्रमोद मिश्रा,नागेन्द्र सिन्हा, उपस्थित रहे।

# कृष्ण जन्म उत्सव, पूतना बध गोवर्धन लीला एवं दही लूट की पावन चरित्र का वर्णन किया



**रायपुर।** अभनपुर सारखेश्वर नाथ ट्रस्ट समिति सारखी एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से श्री मद् भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पांचवे दिन अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू कथा पण्डाल में पहुंचकर कथा श्रवण किया। कथावाचक पं. कृष्ण कुमार तिवारी द्वारा कथा सुनने वालों को कृष्ण भक्ति में डुबो कर कृष्ण जन्म उत्सव, पूतना बध, गोवर्धन लीला एवं दही लूट की पावन चरित्र का वर्णन किया गया। पूतना वध कर भगवान ने एक राक्षसी को स्वर्ग स्थान प्रदान किया, जबकि आज कलयुग में जिस मां जन्म दिया। उनकी सेवा नहीं करते मां नौ माह अपने सारे दुख सहकर अपने बच्चे को हर प्रकार सेवा का योग्य बनाने का प्रयास करती है। वहीं बच्चे बड़े होने पर मां से घृणा करता है, जबकि कृष्ण ने जहर पिलने वाली पूतना को मां जैसा स्थानप्रदान की। कर्यक्रम में ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष नरोत्तम साहू सचिन चंदूलाल साहू कोषाध्यक्ष राघवेंद्र साहू ट्रस्टी के प्रमुख आनंद मोहन ठाकुर समिति के सदस्य बैसाखी राम साहू, दिलीप कुमार साहू पूर्व उप सरपंच जानकी साहू दयाराम सिंह टीकम चंद साहू एवं समस्त ग्रामवासी माता बहने उपस्थित रहे।

## 'निसदा में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन सम्पन्न'

**आरंग।** ग्राम पंचायत निसदा में कई विकास कार्यो का लोकर्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम मुख्य अतिथि अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू के हाथों सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिंकू चंद्राकर उपाध्यक्ष ज.पं. आरंग ने किया। तोषण चंद्राकर अध्यक्ष भाजपा मंडल चम्पारण, कृष्ण कुमार साहू ज.पं. सदस्य गौतम साहू, मुकेश ढीढी, मानसिग निषाद सरपंच, खुम्मन सिन्हा उपसरपंच विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। निसदा हाई स्कूल प्रांगण में आयोजित एक कार्यक्रम में 5.00 लाख रु के लागत से बने साहू सामुदायिक भवन का लोकार्पण तथा उचित मूल्य की दुकान 10.58 लाख रंगमंच सह भवन निर्माण 7 लाख, बाजार चौक शेड निर्माण 36.49 लाख तथा नाली निर्माण चार लाख का भूमि पूजन अतिथियो द्वारा किया गया। इस अवसर पर पंच गण एसकुमार साहू, सूर्यकांत साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, कोमल साहू, नागेश साहू, चंदनलाल कन्नौजे, कुंती साहू, दुर्गा साहू, सुशीला साहू, योगेश्वरी निषाद, हिरौंदी निषाद, सरिता निषाद , योगेश्वरी निषाद, कुमारी निषाद ग्रामीण जन नारायण साहू, मनहरण साहू, अशोक साहू, मोहन साहू, डॉ. भुवन लाल साहू, युवराज साहू, कोमल साहू, हिरामन सिन्हा सहित सचिव गोपाल चंद्राकर, रोजगार सहायक ओमप्रकाश साहू और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## सतनामी वैवाहिक परिचय पत्रिका का विमोचन



**मंदिर हसौद।** सतनामी उत्थान एवं जाग्रति समिति रायपुर छत्तीसगढ़ बीते दिनों आयोजित सामाजिक परिचय सम्मेलन में जो युवक युवती प्रतिभागी परिचय सम्मेलन जो रायपुर, जांजगीर-चांपा एव बलौदा बाजार में सामिल हुए हैं । उन सभी प्रतिभागियों का बायोडाटा को पत्रिका में सम्मिलित किया गया जो सभी प्रतिभागियों को निःशुल्क परिचय पत्रिका वितरण किया जावेगा। जिसका विमोचन 1फरवरी

दिन रविवार को न्यू राजेन्द्र नगर गुरु घासीदास सांस्कृतिक भवन रायपुर में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेशाध्यक्ष श्री एल एल कोशले जी एवं गुरु घासीदास गृह निर्माण सहकारी संस्था के अध्यक्ष श्री एस के सोनवानी जय बहादुर बंजारे अध्यक्ष एवं समाज प्रमुखों की गरिमा मय उपस्थिति में पत्रिका का विमोचन किया गया। जिसे प्रतिभागी और परिजन पत्रिका प्राप्त कर सकते है।

# उल्लास साक्षरता में बीईओ ने ली बैठक



**आरंग।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत आरंग विकासखंड के 121 ग्राम पंचायतों के प्रधान पाठकों की बैठक आहूत की गई। बैठक में कार्यक्रम के पदेन सचिव एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा की उपस्थिति में ग्राम स्तर पर शिक्षार्थियों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों के सर्वे कार्य हेतु प्रेरित किया गया।

बैठक में बीआरसी सुरेंद्र चंद्रसेन द्वारा भी उद्बोधन दिया गया तथा इस कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने हेतु सभी को प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में कार्यक्रम के ब्लॉक नोडल अधिकारी अलंकार सिंह परिहार एवं सहायक नोडल अधिकारी डोमार वर्मा द्वारा भी सर्वे कार्य के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अभिषेक तिवारी द्वारा सभी उपस्थितों को ऐप में एंट्री से संबंधित तकनीकी जानकारी भली-भांति दी गई, जो सर्वे कार्य में सहायक होगी।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम यातायात नियमों की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

अदाणी पॉवर रायपुर प्रोजेक्ट तिल्दा रायखेड़ा क्षेत्र में 37 वें सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर'सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय समुदाय, वाहन चालकों और छात्रों में सुरक्षित यातायात व्यवहार को प्रोत्साहित करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना था। इस पहल में खरोरा थाना प्रभारी (पीआई) एवं उनकी पुलिस टीम ने सक्रिय सहयोग दिया।

कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद दोपहिया चालकों को हेलमेट और सड़क सुरक्षा संबंधी पेम्पलेट प्रदान किए गए। उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कंपनी प्रतिनिधियों ने प्रतिभागियों को विभिन्न यातायात संकेतों और साइन बोर्ड की पहचान करने के बारे में जानकारी दी। मौके पर उपस्थित वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप और स्टिकर लगाए गए, ताकि रात्रिकालीन वाहन संचालन के दौरान उनकी दृश्यता बढ़ सके। फैक्ट्री गेट परिसर में एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें कर्मचारियों, पुलिसकर्मियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। यातायात नियमों का पालन कर रहे वाहन चालकों को गुलाब और चॉकलेट देकर सम्मानित किया गया, जिससे अन्य लोगों को भी ट्रैफिक नियमों के प्रति सजग होने की प्रेरणा मिली। पूरे कार्यक्रम के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न करने, सुरक्षित दूरी बनाए रखने, गति सीमा का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता जैसे महत्वपूर्ण संदेश साझा किए गए।

खरोरा पुलिस विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है और ऐसे जागरूकता अभियान सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। स्थानीय समुदाय ने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे जीवन की सुरक्षा के लिए उपयोगी कदम बताया।

## बच्चों की मुस्कान, सांस्कृतिक रंगों और उत्साह से सराबोर नजर आया

# कुरुद स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रतिभाएं झलकीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



जनपद पंचायत आरंग के अंतर्गत प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुरुद (बाराडेरा) में मंगलवार को वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर बच्चों की मुस्कान, सांस्कृतिक रंगों और उत्साह से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद सागर पटेल, राकेश मिश्रा एवं मंजु कश्यप शामिल हुए। वहीं वरिष्ठ शिक्षकगण मोहन सिंह गौतम, लक्ष्मण राम साहू, प्राथमिक विद्यालय की प्रधान पाठिका दानेश्वरी कश्यप, माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक चोवाराम कोसले सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यालय स्टाफ कार्यक्रम में मौजूद रहे। ग्रामीणजन, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। उत्सव का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, लोकनृत्य, सामाजिक संदेश से जुड़े नाटक एवं प्रेरणादायक गीतों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष रूप से सामाजिक कुरीतियों, पर्यावरण संरक्षण एवं शिक्षा के महत्व पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियों को खूब सराहना मिली।

अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर पार्षद सागर पटेल ने कहा कि ग्रामीण अंचल के विद्यालयों में बच्चों की प्रतिभा किसी से कम नहीं है, आवश्यकता है तो केवल उन्हें उचित मंच और मार्गदर्शन देने की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यह वार्षिक उत्सव न केवल बच्चों में आत्मविश्वास का संचार करने वाला रहा, बल्कि ग्रामीण समाज में शिक्षा और संस्कारों के प्रति सकारात्मक संदेश भी देने में सफल रहा।

## खबर संक्षेप

### शशिकांत मार्कफेड के प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त

**रायपुर।** राज्य सरकार ने शशिकांत द्विवेदी को छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित रायपुर (मार्कफेड) का प्राधिकृत किए जाने की अनुसंशा छानबीन समिति ने किया है। छानबीन समिति की अनुसंशा के परिपेक्ष्य में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित रायपुर के बोर्ड की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए शशिकांत द्विवेदी को प्राधिकृत किया गया है। सहकारिता विभाग के पंजीयन ने इस आशय का आदेश जारी किया है।

### प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण समारोह आज

**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का 'पदभार ग्रहण समारोह' 5 फरवरी को आयोजित किया गया है। मोतीबाग चौक स्थित स्व. मधुकर खेर स्मृति भवन रायपुर प्रेस क्लब प्रांगण में होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। शाम 6 बजे रायपुर प्रेस क्लब परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, रायपुर नगर के सभी विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, हरिभूमि समाचार पत्र समूह के प्रधान संपादक और वरिष्ठ पत्रकार डॉ. हिमांशु द्विवेदी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर विभिन्न पत्र पत्रिकाओं के संपादक और वरिष्ठ पत्रकारगण भी उपस्थित रहेंगे। समारोह के दौरान अध्यक्ष मोहन तिवारी, महासचिव गौरव शर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश यदु, और सहसचिव निवेदिता साहू व भूपेश जांगड़े आधिकारिक रूप से अपना कार्यभार संभालेंगे।

### एसआईआर में समुदाय विशेष को बना रहे निशाना



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि मतदाता सूची के नाम पर लोकतंत्र की जड़ों पर चोट की जा रही है। पार्टी का कहना है कि सत्ता-समर्थित राजनीतिक तंत्र के इशारे पर जाति और समुदाय विशेष को चिन्हांकित कर मताधिकार से वंचित करने की सुनियोजित साजिश रची जा रही है। आप ने चुनाव आयोग से उच्चस्तरीय, स्वतंत्र और समयबद्ध जांच सहित दोषियों पर आपराधिक कार्रवाई की मांग की है। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा, यह मामला केवल कागजी अनियमितताओं का नहीं, बल्कि संविधान के अनुच्छेदों पर सीधा हमला है। आज अगर वोटर लिस्ट के जरिए कमजोर वर्ग को बाहर किया गया, तो कल लोकतंत्र का चरित्र ही बदल दिया जाएगा। यह लोकतंत्र की परीक्षा की घड़ी है। यह प्रशासनिक गलती नहीं, बल्कि सत्ता-संरक्षित षड्यंत्र है।

### नवनियुक्त पुलिस आयुक्त से ईसाई समुदाय ने की मुलाकात, किया सम्मानित



**रायपुर।** क्रूस मार्ग पदयात्रा आयोजन समिति, अखिल भारतीय ईसाई समुदाय अधिकार संगठन, कैपिटल पास्टर फैलोशिप व आर्च डायोसिस रायपुर के ईसाई समुदाय ने रायपुर जिला के नवनियुक्त पुलिस आयुक्त संजीव शुक्ला से मुलाकात की। पुष्प गुच्छ, शॉल व स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत वंदन अभिनंदन कर सम्मानित किया। इस मौके पर अखिल भारतीय ईसाई समुदाय अधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरविंदर सिंह चडडा ने नवनियुक्त पुलिस आयुक्त श्री शुक्ला के कुशल पुलिस प्रशासनिक सेवा जो मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में लंबी अवधि तक रायपुर शहर व अन्य जिले एवं प्रदेश स्तर पर उच्च पदों पर रहते हुए जो अपराधियों के विरुद्ध किए गए कार्य की प्रसंशा करते हुए आशा व्यक्त किया है कि श्री आयुक्त के अगुवाई में उनके कार्य क्षेत्र, भय व अपराध मुक्त होगा ऐसी कामना की।

# मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत प्रशासनिक दक्षता एवं डिजिटल गवर्नेंस को मजबूत करने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मुख्य सचिव की पहल पर एकीकृत शासकीय ऑनलाइन प्रशिक्षण प्लेटफॉर्म का क्रियान्वयन

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत प्रशासनिक दक्षता एवं डिजिटल गवर्नेंस को सुदृढ़ बनाने की दिशा में सतत एवं दूरदर्शी पहल की जा रही है। इसी क्रम में मुख्य सचिव विकास शील के मार्गदर्शन तथा सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत की पहल पर बुधवार को मंत्रालय सभागार में एकीकृत शासकीय ऑनलाइन प्रशिक्षण प्लेटफॉर्म के माध्यम से विभागीय क्षमता निर्माण योजना तैयार करने के लिए वर्चुअल कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। नई दिल्ली स्थित क्षमता निर्माण आयोग के विशेषज्ञों द्वारा एकीकृत शासकीय ऑनलाइन प्रशिक्षण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को विभागीय क्षमता निर्माण योजना तैयार करने की व्यवस्थित प्रक्रिया, प्रशिक्षण आवश्यकताओं के वैज्ञानिक मूल्यांकन तथा कर्मचारियों के कौशल विकास के लिए संरचित एवं परिणामोन्मुखी प्रशिक्षण रूपरेखा तैयार करने संबंधी विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## 40 विभागों द्वारा इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग आधारित विभागीय क्षमता निर्माण योजना

### आधुनिक और दक्ष बनाने का प्रयास

मुख्य सचिव विकास शील के मार्गदर्शन में प्रदेश में प्रशासनिक कार्यसंस्कृति को आधुनिक, दक्ष एवं परिणामोन्मुखी बनाने हेतु एकीकृत शासकीय ऑनलाइन प्रशिक्षण प्लेटफॉर्म को शासन की प्राथमिक पहलों में शामिल किया गया है। इसके माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कौशल उन्नयन, प्रशासनिक दक्षता तथा जनसेवा की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।



### वैज्ञानिक प्रशिक्षण ढांचा विकसित किया जा रहा

सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत के नेतृत्व में विभागीय क्षमता निर्माण योजना को प्रत्येक विभाग की कार्यप्रणाली, दायित्वों एवं आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया जा रहा है, जिससे प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिक व्यवहारिक, लक्ष्य आधारित एवं उपयोगी बन सके। प्रक्रिया में विभागों के ऑर्गेनोग्राम, कार्य आवंटन विवरण, वार्षिक प्रतिवेदन तथा संबंधित नियमों एवं अधिनियमों के आधार पर सुव्यवस्थित एवं वैज्ञानिक प्रशिक्षण ढांचा विकसित किया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ में स्टार्टअप को मिलेगा बड़ा सपोर्ट, 100 करोड़ का कैपिटल फंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य को नवाचार और स्टार्टअप के बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में अहम कदम उठाया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज महानदी मंत्रालय भवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ नवाचार एवं स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति 2025-30 को मंजूरी दी गई। इस नीति के लागू होने से राज्य में स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूती मिलेगी और युवाओं को उद्यमिता से जुड़ने के नए अवसर प्राप्त होंगे।

सरकार का कहना है कि अमृतकाल : छत्तीसगढ़ विज़न @2047 के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए राज्य में नवाचार आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना आवश्यक है। अब तक औद्योगिक नीतियों के अंतर्गत स्टार्टअप पैकेज की व्यवस्था थी, लेकिन पृथक स्टार्टअप नीति नहीं होने से इन्क्यूबेशन, निवेश और नवाचार को अपेक्षित गति नहीं मिल पा रही थी। इसके साथ ही भारत सरकार के उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा जारी स्टेट्स स्टार्टअप रैंकिंग में भी पृथक नीति का अभाव राज्य के लिए चुनौती बना हुआ था। नई नीति के माध्यम से इस कमी को दूर किया जाएगा।

## कैबिनेट ने वर्ष 2025-30 की नई स्टार्टअप नीति को दी मंजूरी



### 50 करोड़ रुपए का क्रेडिट रिस्क फंड

स्टार्टअप्स को बैंकिंग सहायता से जोड़ने के लिए 50 करोड़ रुपए का क्रेडिट रिस्क फंड भी बनाया जाएगा, जिसके तहत स्टार्टअप इकाइयों को बैंकों से एक करोड़ रुपये तक के संपार्श्विक-मुक्त ऋण के लिए क्रेडिट गारंटी मिलेगी। इसके साथ ही मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स को अधिकतम 50 रुपये लाख तक के सावधि ऋण या कार्यशील पूंजी पर पांच वर्षों तक 75 प्रतिशत ब्याज अनुदान का लाभ दिया जाएगा।

### अतिरिक्त वित्तीय प्रोत्साहन

स्टार्टअप्स के विस्तार और बाजार तक पहुंच को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्टार्टअप केंद्रित आयोजनों में भाग लेने पर यात्रा, पंजीकरण और बूथ शुल्क सहित कुल खर्च का 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर विज्ञापन के लिए किए गए खर्च की भी प्रतिपूर्ति की जाएगी। सफलतापूर्वक निवेश जुटाने वाले स्टार्टअप्स को फंडरेजिंग पर भी अतिरिक्त वित्तीय प्रोत्साहन मिलेगा।

### 10 लाख तक का सीड फंड दिया जाएगा

नई स्टार्टअप नीति के तहत केवल राज्य शासन से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप इकाइयों को विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता और प्रोत्साहन दिए जाएंगे। शुरुआती चरण के स्टार्टअप्स को मजबूत करने के लिए प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट वाले स्टार्टअप्स को मिनिमम वायबल प्रोडक्ट विकसित करने हेतु 10 लाख रुपये तक का सीड फंड दिया जाएगा। इसके अलावा राज्य में निवेश की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से 100 करोड़ रुपये का छत्तीसगढ़ स्टार्टअप (कैपिटल) फंड बनाया जाएगा, जिसके माध्यम से सेबी-पंजीकृत ऑल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड्स के जरिए स्टार्टअप्स में निवेश किया जाएगा।

### *अनुदान भी दिया जाएगा*

*नई नीति में स्टार्टअप्स को सरकारी खरीद में छूट, भूमि और भवन से जुड़े दस्तावेजों पर स्टाम्प शुल्क में छूट तथा इन्क्यूबेशन सेंटर या किराये के भवन में संचालित इकाइयों को तीन वर्षों तक किराया अनुदान देने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही स्थायी पूंजी निवेश, गुणवत्ता प्रमाणीकरण, पेटेंट, परियोजना प्रतिवेदन और सरकारी अनुसंधान संस्थानों से तकनीक क्रय पर भी अनुदान दिया जाएगा।*

### *वेतन का 40 प्रतिशत अनुदान*

*रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए नीति में विशेष प्रावधान किए गए हैं। दस से अधिक स्थायी रोजगार देने वाले स्टार्टअप्स को महिला कर्मचारियों के लिए 6,000 रुपये प्रति माह और पुरुष कर्मचारियों के लिए 5,000 रुपये प्रति माह तक की सहायता दी जाएगी। वहीं दिव्यांगजनों, सेवानिवृत्त अग्निवीरों और नक्सल प्रभावित अथवा पीड़ित व्यक्तियों को रोजगार देने वाले स्टार्टअप्स को उनके वेतन का 40 प्रतिशत तक अनुदान पांच वर्षों तक मिलेगा।*

मंत्रिमंडल उपसमिति की बैठक

# राजनीति मतभेद का विषय मनभेद का नहीं: विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बुधवार को मंत्रालय में पूर्व शासनकाल के दौरान राजनीतिक संगठन, गैर राजनीतिक संगठन, सामाजिक संगठन और कर्मचारी संगठनों के आंदोलनों से जुड़े दुर्भावनापूर्ण मानसिकता से दर्ज प्रकरणों की वापसी के संबंध में गठित मंत्रिमंडल उपसमिति की बैठक उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

बैठक के बाद उपसमिति के अध्यक्ष उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राजनीति में लोकतांत्रिक विरोध का सदैव सम्मान होना चाहिए। राजनीति मतभेद का विषय है, मनभेद का नहीं। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा राजनीतिक दुर्भावना के कारण अनेक मामलों में राजनीतिक कार्यकर्ताओं, गैर राजनीतिक संगठन, सामाजिक संगठन और कर्मचारी संगठन पर प्रकरण दर्ज किए गए थे। राजनीतिक कार्यकर्ताओं के साथ गैर राजनीतिक संगठन, सामाजिक संगठन और कर्मचारी संगठन द्वारा आयोजित आंदोलनों को भी इस प्रक्रिया के शामिल किया जा रहा है, जिनमें आंदोलनरत लोगों के विरुद्ध द्वेषपूर्ण रूप से मुकदमे भी दर्ज हुए थे, उन सभी को वापस लिया जाएगा। बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सहित सदस्य अपर मुख्य सचिव गृह मनोज पिंगुआ, विधि सचिव सुषमा सावंत, पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी ध्रुव गुप्ता तथा अतिरिक्त निदेशक अभियोजन के. एस. गावस्कर उपस्थित रहे।

### सेन समाज का परिचय सम्मेलन 10 को

**रायपुर।** संत सेन धाम कोर कमेटी द्वारा रांवाभाठा स्थित संत सेन धाम में 10 फरवरी को सेन जयंती भवन का लोकार्पण कार्यक्रम होगा। साथ ही युवक-युवती परिचय सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जाएगा। यह जानकारी छत्तीसगढ़ नाई विकास संस्था के अध्यक्ष विजय कुमार सेन और सतीश सेन ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए सभी सदस्यों को विभागों की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने बताया कि विवाह योग्य युवक-युवती अपना पंजीयन संत सेन धाम कोर कमेटी के सदस्यों के पास अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

# निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाने मोबाइल टॉवर लगाने का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साय मंत्रिमंडल के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार अपनी नाकामियां छुपाने नये उपाय ढूंढती है। नशे का कारोबार नहीं रोक पाना सरकार की विफलता है। अंततः सरकार ने मान लिया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद नशे का कारोबार फूल-फल रहा है, इसीलिए सरकार को अब नारकोटिक्स टास्क फोर्स गठित करने की जरूरत महसूस हो रही है। पुलिस और आबकारी विभाग का भारी भरकम अमला नशे का कारोबार रोकने में असफल साबित हुआ है।

उन्होंने कहा, मंत्रिमंडल डिजिटल संरचना के विकास के नाम पर दूरस्थ क्षेत्रों में जो मोबाईल टॉवर लगाने का निर्णय लिया है यह पूरी तरह से पिछले दरवाजे से निजी मोबाईल कंपनियों को फायदा पहुंचाने की कोशिश है।

### *प्राइवेट स्कूलों की स्थानीय परीक्षा डीईओ से कराने का निर्णय अव्यवहारिक*

*प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने प्राइवेट स्कूलों की स्थानीय वार्षिक परीक्षाएं डीईओ द्वारा कराये जाने के निर्णय को अव्यवहारिक और अतार्किक निर्णय बताया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस, सरकार के इस फैसले का विरोध करती है। शिक्षा विभाग बोर्ड परीक्षाओं को छोड़ दिया जाए तो अभी तक सरकारी स्कूलों की घरेलू परीक्षायें एक साथ तो आयोजित नहीं करवा पाता, घरेलू परीक्षायें स्कूल अपने स्तर पर करते है। ऐसे में वह प्राईवेट स्कूलों की परीक्षायें एक साथ कैसे आयोजित करेगा? सरकार पहले अपने सभी स्कूलों का सभी घरेलू परीक्षाओं को एक साथ आयोजित कर ले, उसके बाद प्राइवेट स्कूलों के बारे में निर्णय ले।*

*प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि यह निर्णय भ्रष्टाचार करने के उद्देश्य से भी लिया गया है। सभी स्कूलों के प्रश्न पत्र छपाई और उत्तर पुस्तिका छपाई में घोटाला करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है।*

अपने वादे से मुकर रही भाजपा सरकार- कांग्रेस

# धान खरीदी सिर्फ 2 दिन बढ़ाया जाना अपर्याप्त, 15 दिन बढ़ाएं: बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने धान खरीदी सिर्फ 2 दिन बढ़ाने को अपर्याप्त बताया है। उन्होंने कहा, अभी भी किसानों का लाखों टन धान नहीं बिक पाया है। सरकार ने इस वर्ष का जो लक्ष्य निर्धारित किया था, वह 165 लाख मीट्रिक टन था। उसके विपरीत खरीदी मात्र 139.85 लाख मीट्रिक टन हुई है। सरकार अपने लक्ष्य से 25 लाख मीट्रिक टन पीछे है। पिछले वर्ष की तुलना में भी इस वर्ष खरीदी लगभग 10 लाख मीट्रिक टन कम हुई है।

उन्होंने कहा, अभी तक जो आंकड़े सामने आये हैं, उसके अनुसार 2.5 लाख से अधिक पंजीकृत किसानो ने अपना धान नहीं बेच पाये हैं। लगभग 5 लाख किसानों का तो पंजीयन ही नहीं हुआ है। सभी किसानों का पूरा धान समर्थन मूल्य में खरीदा जा सके इसके लिये जरूरी है कि धान खरीदी की तिथि कम से कम 15 दिन और बढ़ाई जाये। उन्होंने कहा, इस साल सरकार ने केवल 53 दिन धान की खरीदी किया है। मतलब एक दिन में औसतन लगभग 2.5 लाख मीट्रिक टन की खरीदी हो पाई। इस हिसाब से सरकार 2 दिन में मात्र 4 से 5 लाख मीट्रिक टन धान ही खरीदी कर पायेगी। अतः धान खरीदी की तिथि बढ़ाया जाना चाहिये। उन्होंने कहा, विधानसभा चुनाव के समय भाजपा ने मोदी की गारंटी में हर किसान का पूरा धान खरीदने का वादा किया था, वह अब अपने वादे से मुकर रही है। सरकार ऋणी किसानों के धान खरीदने की विशेष व्यवस्था लिकिंग के माध्यम से करें ताकि वे अपना कर्जा पटा पाये।

# प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाने युवा मोर्चा को वन बूथ 10 कार्यकर्ता बनाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- भाजयुमो की परिचायत्मक बैठक में बोले जम्वाल- युवा मोर्चा भाजपा की रीढ़

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बुधवार को भाजयुमो की आवश्यक बैठक आहूत की गई। भाजयुमो की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने कहा, युवा मोर्चा भाजपा की रीढ़ है जो हमेशा अडिग होकर कार्य करता है। हर परिस्थितियों में आगे आकर कार्य करता है। युवा मोर्चा का प्रत्येक कार्यकता पार्टी के कार्यों को बूथ लेकर तक ले जाकर करता है। उन्होंने कहा, अगले एक साल में युवा मोर्चा को वन बूथ 10 कार्यकर्ता बनाने पर कार्य करना है। हमें प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाने का काम करना है।



बैठक में भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल के अलावा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकारिहा सहित भाजयुमो प्रदेश पदाधिकारी मौजूद थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण की भावना से कार्य करते है। उन्होंने कहा, पिछले कांग्रेस शासनकाल में प्रदेश में भूपेश बघेल सरकार ने विकास के नाम पर एक भी ईट नहीं लगाई और तत्कालीन भूपेश सरकार में प्रदेश में हाकाकार मचा के रख दिया था। प्रदेश में पुनः विकास के कार्य भाजपा की सरकार बनते ही आरंभ हुआ और लगातार विकास के आयाग गढ़े जा रहे है। उन्होने कहा, युवा मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता सदैव सक्रिय रहता है और पार्टी के कार्यो को बूथ स्तर तक जाकर उनका क्रियान्वयन कराने में आगे रहते है। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकारिहा ने बैठक में युवा मोर्चा के आगामी कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए कहा, हमें पार्टी द्वारा दिए गए कार्यों को समयबध्द तरीके से पूरा करना है।

# छत्तीसगढ़ में स्टेट क्लाइमेट सेंटर का गठन, शहरों में जलवायु परिवर्तन के लिए पॉलिसी होगी तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- केंद्र सरकार के आदेश के पालन में हुआ ये गठन
- नगरीय प्रशासन एवं विकास सचिव को बनाया अध्यक्ष

छत्तीसगढ़ में राज्य शासन ने केंद्र सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के दिशा-निर्देश के पालन में स्टेट क्लाइमेट सेंटर का गठन किया है। खास बात ये है कि यह सेंटर राज्य के शहरों में जलवायु परिवर्तन के संबंध में पॉलिसी तैयार करने का काम करेगा। इस काम के लिए पर्यावरण विशेषज्ञों को शामिल किया गया है।

राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस स्टेट क्लाइमेट सेंटर के गठन का आदेश जारी किया है। इस सेंटर में शामिल अधिकारी एवं विशेषज्ञ इस प्रकार है। सचिव, छ.ग. शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अध्यक्ष, मिशन डायरेक्टर, सीआइटीआईआईज 2.0 सदस्य सचिव, चीफ क्लाईमेट एक्शन ऑफिसर सदस्य, विषय विशेषज्ञ 1- सदस्य, विषय विशेषज्ञ - 2 सदस्य, विषय विशेषज्ञ - 3 (पर्यावरण एवं सामाजिक अधिकारी) सदस्य, अध्यक्ष द्वारा नामांकित प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल होंगे।

### समिति करेगी ये काम

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आदेश में साफ किया है कि ये समिति क्या काम करेगी। इसमें ये बिंदु शामिल हैं। शहरों में जलवायु परिवर्तन संबंधित समस्याओं का समाधान एवं शहरी विकास का प्रोत्साहित करना। शहरों में जलवायु परिवर्तन हेतु पॉलिसी तैयार करना। शहरों द्वारा तैयार जलवायु परिवर्तन एक्शन प्लान का अनुमोदन एवं भारत सरकार को स्वीकृति के लिए भेजना। इस मिशन के कार्यक्रम के बेहतर नियोजन और कार्यान्वयन के लिए अंतर-संगठन, संगठन समन्वय और सहयोग स्थापित करना। निकायों में गठित म्युनिस्पल क्लाइमेट एक्शन सेल द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करना। योजना की प्रगति व क्षमता निर्माण तथा सुधार क्रियान्वयन सहित मिशन का देखरेख करना। योजना के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक अधिसूचना जारी करना तथा सुधार का कार्यान्वयन करना।

7 को देर शाम पहुंचेंगे, 8 को बैठक के बाद जाएंगे बस्तर

# दो दिवसीय दौरे पर आएंगे केंद्रीय मंत्री अमित शाह नक्सलवाद की स्थिति की करेंगे उच्चस्तरीय समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर 7 फरवरी को आ रहे हैं। वे 7 फरवरी को देर शाम को पहुंचेंगे। अगले दिन 8 फरवरी को नक्सलवाद की स्थिति को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक के बाद अमित शाह बस्तर के लिए निकलेंगे, जहां वे बस्तर पंडुम महोत्सव के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

अमित शाह का दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब केंद्र सरकार की तरफ से तय की गई 31 मार्च 2026 की नक्सलवाद समाप्ति की समय सीमा नजदीक आ चुकी है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने स्वयं इस समय सीमा का सार्वजनिक ऐलान किया था। छत्तीसगढ़



सहित नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षाबल लगातार अभियान चला रहे हैं। अब नक्सलवाद समाप्ति की तय की गई समय सीमा में करीब दो महीने का ही समय बाकी है। अधिकारी इसे नक्सल ऑपरेशंस को लेकर आखिरी और निर्णायक सुरक्षा समीक्षा मान रहे हैं। ऐसे में अमित शाह का छत्तीसगढ़ प्रवास नक्सल विरोधी अभियानों की दिशा और आगे की रणनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

### *सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अफसर होंगे शामिल*

*राज्य स्तर पर अमित शाह के दौरे को लेकर प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां तैयारियों में जुटी हैं। रायपुर में प्रस्तावित बैठक को लेकर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों, राज्य पुलिस और इंटेलिजेंस एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। माना जा रहा है कि इस बैठक के बाद नक्सल प्रभावित इलाकों में ऑपरेशन और ज्यादा तेज किए जा सकते हैं।*

### *बस्तर पर रहेगा फोकस*

*केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के तय कार्यक्रम के अनुसार, वे 7 फरवरी को रायपुर पहुंचेंगे। इस दौरान वे छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को लेकर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। यह बैठक राज्य और केंद्र की सुरक्षा एजेंसियों के लिए बेहद निर्णायक मानी जा रही है। बैठक में छत्तीसगढ़, तेलंगाना, महाराष्ट्र और ओडिशा से जुड़े नक्सल प्रभावित इलाकों की सुरक्षा स्थिति, ऑपरेशन की प्रगति और इंटेलिजेंस इनपुट्स पर चर्चा होने की संभावना है। बस्तर संभाग में चल रहे एंटी-नक्सल ऑपरेशनों की समीक्षा इस बैठक का प्रमुख एजेंडा रहेगा।*

## खबर संक्षेप

### गोलबाजार, बैजनाथ पारा में नाली पर पाटा बनाया, नोटिस

**रायपुर।** नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने राजधानी के गोलबाजार और बैजनाथ पारा क्षेत्र के रहमानिया चौक के दर्जनभर दुकानदारों को दुकान के सामने नाली पर पाटा बनाने पर नोटिस जारी किया है। जोन 4 के माध्यम से जारी नोटिस में यह कहा गया है कि इससे नाली सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है। इसलिए नाली पर बनाए गए पाटे हटा लें, ऐसा नहीं होने पर नगर निगम पाटों को तोड़कर नाली सफाई कराएगा। गोलबाजार और बैजनाथ पारा इलाके में निकास नाली के उपर कुछ दुकानदारों द्वारा पाटा बनाने से नाली की सफाई अरसे से नहीं हो पा रही है। पिछली बार बारिश के समय गोलबाजार की सड़कों पर नाली का बदबूदार गंदा पानी पूरे वेग के साथ गंदगी के रूप में बहा था। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अभी से बाजार क्षेत्र के नालियों की सफाई पर ध्यान देना शुरू किया है। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि नाले व नालियों के उपर किसी तरह का अतिक्रमण होने पर उसे तोड़ा जाएगा। इसके लिए जोन के माध्यम से नोटिस दी जा रही है। इसी कड़ी में बैजनाथ पारा के आर्य समाज मंदिर के पीछे वाले हिस्से में 6 दुकानदारों को नोटिस देकर नाली के उपर बनाए गए पाटे को तोड़ने कहा गया है।

### 'प्रीत तुम्हारी मधुशाला' का विमोचन 8 को

रायपुर। सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 8 फरवरी को कवि राजेश राजेश जैन 'राही' द्वारा लिखित काव्य कृति 'प्रीत तुम्हारी मधुशाला' का विमोचन होने जा रहा है। यह कार्यक्रम शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में राजेश जैन 'राही' द्वारा कृति के छंदों की संगीतबद्ध प्रस्तुति 'प्रणय पथ के नाम से दी जाएगी। शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं युवा प्रतिभाओं को नवरंग समाज रत्न सम्मान से सम्मानित भी किया जाएगा। डॉ. माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग' कृति पर अपने बहुमूल्य विचार रखेंगे। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर एवं प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. जवाहर सुरिसेट्टी अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## निधन

### डा.नीरज नयन ठाकर



**रायपुर।** बूढ़ापारा निवासी पं जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. नीरज नयन ठाकर का 3 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मरवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। वे प्रशांत ठाकर एवं उज्ज्वला के पिता थे।

### जीरा बाई साहू



**रायपुर।** आरंग के ग्राम ख़मतराई निवासी जीरा बाई साहू का 4 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 फरवरी को सुबह 11 बजे उनके गृह ग्राम मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे केजूराम साहू की भाभी और सनत साहू, छगनलाल साहू, दिलहरण साहू की माता थीं।


**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भवन ई.डब्ल्यू.एस. टाईप-1/53 को श्री दिनेश कुमार साहू पिता स्व. श्री धीर सिंह साहू के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय आरंग रायपुर से दिनांक 25.04.2016 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्री दिनेश कुमार साहू पिता स्व. श्री धीर सिंह साहू निवासी संजय गांधी नगर, गुढ़ियारी पड़ाव, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्रीमती लक्ष्वंतीन बर्मा पति श्री अरूण बर्मा निवासी ग्राम अकोलीखुर्द, थाना व तहसील आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित ई.डब्ल्यू.एस. टाईप-1/53, के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर


# पांच सौ करोड़ से दूर हुआ आर्थिक संकट, आयुष्मान के अनियमित भुगतान पर चिंताग्रस्त निजी अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

शासन द्वारा पांच सौ करोड़ रिलीज करने के बाद निजी अस्पतालों का आर्थिक संकट दूर होने लगा है, पर निजी अस्पताल आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के अनियमित भुगतान पर चिंतित हैं। लंबित राशि प्राप्त करने के लिए साल, छह महीने में इलाज बंद करनी की चेतावनी देनी पड़ती है। इससे स्वास्थ्य संबंधी महत्वाकांक्षी योजना के उद्देश्य पर विपरीत असर पड़ता है।

दो दिन पहले इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारी स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात के दौरान भुगतान की प्रक्रिया को नियमित करने और नियमों को सरल बनाने की मांग कर चुके हैं। भुगतान नहीं मिलने की वजह से अस्पतालों को होने वाली परेशानी को जानने के बाद मंत्री ने नियमित भुगतान की प्रणाली बनाने का आश्वासन भी दिया है। आईएमए सहित अन्य चिकित्सकीय संगठन योजना अंतर्गत हुए इलाज की राशि का भुगतान अस्पतालों को नहीं होने पर योजना के हितग्राहियों का इलाज बंद करने की चेतावनी दे चुके थे।

उनके अल्टीमेटम के बाद विभागीय अधिकारी और स्टेट नोडल एजेंसी के अफसर सक्रिय हुए और भुगतान के लिए 500 करोड़ रुपए वित्त विभाग की अनुमति के बाद अस्पतालों को रिलीज करना शुरू कर दिया है। कुछ अस्पतालों के खाते में राशि पहुंची है, कुछ को बैंक से भुगतान प्राप्त होने मैसेज आने का इंतजार है। चिकित्सकों का तर्क है कि भुगतान होना अच्छी बात है, मगर आए दिन राशि अटकना और इसके लिए जिम्मेदारों के कार्यालयों का चक्कर के साथ उपचार बंद करने का अल्टीमेटम देना पड़ता है। इस समस्या को दूर करने के लिए स्टेट नोडल एजेंसी को नियमित भुगतान के लिए जरूरी व्यवस्था बनानी होगी।

**स्वास्थ्य मंत्री से आईएमए के पदाधिकारियों ने की चर्चा, भुगतान प्रक्रिया सरल करने की डिमांड**

### प्रोत्साहन राशि भी अटकी

निजी अस्पतालों को इलाज की राशि का भुगतान हो गया है मगर सरकारी डाक्टरों की प्रोत्साहन राशि की समस्या करीब दो साल से बनी हुई है। मरीजों के इलाज के बदल तमाम चिकित्सकीय स्टाफ को राशि का कुछ हिस्सा प्रोत्साहित करने दिया जाता है। प्रोत्साहन राशि के बंदरबाट का मामला सामने आने के बाद इस पर रोक लगाई गई थी जो पाबंदी अब तक नहीं हटी है।




### समस्या से अवगत कराया गया

रिलीज हुई पांच सौ करोड़ से अस्पतालों को भुगतान किया जा रहा है। समस्या भुगतान के नियमित नहीं होने की है, इस बार मुलाकात के दौरान स्वास्थ्य मंत्री को भी अवगत कराया गया है। उन्होंने इसमें सुधार किए जाने का आश्वासन दिया है।

- डॉ. सुरेन्द्र शुक्ला, अध्यक्ष, हास्पिटल बोर्ड आईएमए

### टीडीएस राशि का भुगतान नहीं

शासन द्वारा दी गई राशि से कुछ अस्पतालों को भुगतान हुआ है। पिछले जनवरी से मार्च की राशि की फाइल अब तक अटकी हुई है। शासन द्वारा वित्तीय वर्ष के टीडीएस की दस फीसदी राशि का भुगतान नहीं हुआ है, जिसकी वजह से कुछ अस्पतालों को इंकम टैक्स का नोटिस मिला है।

- डा. राकेश गुप्ता, अध्यक्ष, एएचपीआई

## एसपी भवन को तोड़ा नहीं, भवन के चारों तरफ खुदाई का काम शुरू

# पुलिस कमिश्नरी प्रणाली के कारण बदल सकती है कलेक्टोरेट कंपोजिट बिल्डिंग की डिजाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू होने के बाद अब कलेक्टोरेट परिसर में प्रस्तावित पांच मंजिल कंपोजिट बिल्डिंग की डिजाइन भी बदली जा सकती है। यही कारण है कि अब तक एसपी भवन को तोड़ा नहीं गया है, लेकिन इस भवन के चारों तरफ खुदाई का काम जरूर शुरू हो गया है। इधर लोक निर्माण विभाग के अधिकारिक सूत्र के अनुसार पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू होने के बाद अब पुलिस अधीक्षक का पद खत्म हो गया है। ऐसे में कंपोजिट बिल्डिंग में एसपी की जगह अब दूसरे अधिकारियों के बैठने के लिए शासन स्तर पर प्लानिंग की जा रही है। यही कारण है कि अब तक एसपी भवन को तोड़ा नहीं गया है। अधिकारिक सूत्र का यह भी कहना है कि कलेक्टोरेट बिल्डिंग का यहां बनना तय है, इसलिए एसपी भवन के चारों तरफ खुदाई का कार्य भी शुरू करा दिया गया है, लेकिन जारी वर्क ऑर्डर में बिल्डिंग के निर्माण कार्य पूर्ण करने की समय-सीमा एसपी भवन के टूटने के बाद दो वर्ष निश्चित की गई है। कलेक्टोरेट परिसर में एसपी भवन की जगह 5 मंजिल कलेक्टोरेट और एसपी भवन की कंपोजिट बिल्डिंग बनाने के लिए शासन ने 29 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति दी हुई है। इसके तहत ही लोक निर्माण विभाग ने निर्माण एजेंसी को बिल्डिंग बनाने का ठेका दिया हुआ है। इस बिल्डिंग के लिए डिजाईन भी तैयार कर ली गई है, जिसके तहत यहां कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण होना है, लेकिन राजधानी में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली के लागू होने के बाद अब कंपोजिट बिल्डिंग में एसपी कार्यालय की जगह कमिश्नरी प्रणाली के तहत यहां पुलिस आयुक्त या अन्य अधिकारियों के लिए यहां भवन का निर्माण किया जा सकता है।



### दो साल के भीतर करना है बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूर्ण

कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य के लिए दो साल की समय-सीमा तय की गई है। इसके तहत एसपी भवन के चारों तरफ खुदाई का कार्य भी चल रहा है, लेकिन भवन को तोड़े नहीं जाने के कारण यहां अब तक खुदाई शुरू नहीं हो पाई है। इससे बिल्डिंग का निर्माण कार्य भी समय-सीमा में पूर्ण होगा। इसकी संभावना बहुत कम है। इधर पीडब्ल्यूडी के एक अफसर ने बताया कि वर्क ऑर्डर में दो वर्ष की समय-सीमा तय की गई है, लेकिन एसपी भवन के टूटने के बाद से यह नियम लागू है।

### डिजाइन बदली तो बढ़ सकती है बिल्डिंग की लागत

कंपोजिट बिल्डिंग की अगर डिजाइन बदली जाती है, तो इससे निर्माण कार्य की लागत भी बढ़ने की संभावना है। बिल्डिंग के निर्माण के लिए लगभग 30 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। डिजाइन बदलेगी, तो यह राशि और बढ़ सकती है। इधर विभाग के अफसरों ने डिजाइन बदलने को लेकर अभी किसी भी प्रकार की पुष्टि नहीं की है।

### एसपी कार्यालय हो चुका है शिफ्ट

कंपोजिट बिल्डिंग के निर्माण के मद्देनजर कलेक्टोरेट परिसर स्थित पुराने एसपी भवन कार्यालय को जनवरी महीने में ही शास्त्री चौक स्थित संभाग कमिश्नर के पुराने भवन में शिफ्ट किया जा चुका है। शिफ्टिंग के बाद से पुराना एसपी कार्यालय खाली पड़ा हुआ है, लेकिन इसके बाद भी इस भवन को अब तक तोड़ा नहीं गया है।

# जिस विषय की परीक्षा, उसके शिक्षक नहीं बन सकेंगे पर्यवेक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

10वीं-12वीं की जिस विषय की परीक्षा होगी, उस विषय के शिक्षक उस दिन परीक्षा केंद्र में अपनी सेवाएं नहीं देंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इसे लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल की बारहवीं की परीक्षाएं 20 फरवरी से तथा दसवीं की परीक्षाएं 21 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं। मंडल ने परीक्षाओं का संचालन सुचारू रूप से करने राज्य के 33 जिलों के समन्वय केन्द्र के केन्द्राध्यक्षों तथा नवीन निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों एवं मूल्यांकन केन्द्राधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह-कार्यशाला आयोजित की। माशिम के सभा कक्ष में इसका आयोजन हुआ। इन्हें मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया। अब वे अपने स्कूलों के शिक्षकों को इस संदर्भ में प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। प्रथम चरण में समन्वय संस्था के एवं नवीन निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष शामिल हुए एवं द्वितीय चरण में समस्त मूल्यांकन केन्द्रों के नियुक्त केन्द्राध्यक्ष मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित हुए।



### पर्यवेक्षण कार्य में नहीं ले सकेंगे लिपिक की सेवाएं

मंडल अध्यक्ष रेणु पिल्ले ने कहा, दिव्यांगजन परीक्षार्थियों के लिए भुतल पर बैठक व्यवस्था की जाए। दिव्यांगजनों को दी जाने वाली सुविधाएं जैसे- लेखक व्यवस्था आदि नियमानुसार किए जाएं। परीक्षा दिवस में आयोजित विषय से संबंधित शिक्षकों को पर्यवेक्षक के रूप में सेवाएं नहीं लिए जाने सहित केन्द्र के बाहर गेट में ताला न लगाए जाने निर्देशित किया गया। मंडल सचिव पुष्पा साहू ने निर्देश पुस्तिका का गंभीरता के साथ अवलोकन करते हुए कड़ाई से पालन करने निर्देशित किया। प्रशिक्षण के दौरान परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए दो पंक्तियों के मध्य पर्याप्त अंतर रखने की बात कही। परीक्षा कक्ष में पर्याप्त रोशनी, परीक्षा पूर्व तैयारी व परीक्षा समाप्ति पश्चात की कार्यवाही के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए प्रशिक्षित किया गया।

### गंदगी फैलाई, जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम जोन 5 स्वास्थ्य विभाग टीम ने पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड के मथुरावासी चाट सेंटर और अंडा ठेला की स्वच्छता का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्थल निरीक्षण के दौरान जन शिकायत सही पाई गई। गंदगी मिलने पर चाट संचालक पर 2 हजार रुपए और अंडा ठेला वाले पर 500 रुपए जुर्माना किया। जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, संदीप वर्मा की उपस्थिति में स्थल निरीक्षण किया गया। गंदगी फैलाने वाले को दोबारा गलती न दोहराने की चेतावनी निगम अमले ने दी।

## बिजनेस साइट

### रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मोपॉलिटन ने किया चौथे 'हैप्पी स्कूल' का उद्घाटन

**रायपुर।** समाज सेवा के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय कदम उठाते हुए रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मोपॉलिटन द्वारा अपने चौथे 'हैप्पी स्कूल' का उद्घाटन शासकीय विद्यालय, फुंडहर चौक में किया गया। 'हैप्पी स्कूल' परियोजना के अंतर्गत क्लब शासकीय विद्यालयों को आनंदमय, सुरक्षित एवं प्रेरक शिक्षण वातावरण में परिवर्तित कर रहा है। इस विद्यालय का भी कायाकल्प कर रंग-बिरंगे कक्ष, आकर्षक वॉल आर्ट, बेहतर फर्श, डेस्क-कुर्सी, शैक्षणिक सामग्री, हरियालीयुक्त स्वच्छ खेल मैदान, खेल उपकरण, झूले तथा बालक-बालिकाओं के लिए अलग-अलग स्वच्छ शौचालय उपलब्ध कराए गए हैं। यह परियोजना बच्चों की उपस्थिति, आत्मविश्वास एवं सीखने की रुचि बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही है। इससे पूर्व क्लब द्वारा तीन शासकीय विद्यालयों को गोद लेकर उनका सफलतापूर्वक कायाकल्प किया जा चुका है। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष रोटेरियन रोहित जैन ने कहा कि ऐसे सेवा प्रकल्प केवल भौतिक सुविधाएं ही नहीं बढ़ाते, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव भी रखते हैं।



### डीपीएस नवा रायपुर में शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**रायपुर।** डीपीएस नवा रायपुर में शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल अकादमिक रूप से सक्षम बनाना नहीं, बल्कि उनमें मानवीय मूल्यों, सामाजिक चेतना और आत्मविश्वास का विकास करना है। विद्यालय में आधुनिक विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान की प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय तथा अनुभवी और दिल्ली मुख्यालय द्वारा चयनित शिक्षक विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक और मूल्य-आधारित शिक्षा प्रदान करते हैं। शांत, सुरक्षित एवं प्रदूषण रहित परिसर में स्थित यह विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जाना जाता है। यहां इंडोर-आउटडोर गेम ज़ोन, सीनियर विंग और आर्ट विलेज जैसी नई सुविधाएँ विकसित की जा रही हैं।



# सेल्स टैक्स कालोनी के पानी में मिले कीड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड का मामला
- अंडरग्राउंड पाइप लाइन डालने खुदाई में पाइप लाइन क्षतिग्रस्त

शहर में गंदा पानी आने के साथ अब नगरनिगम के नलों के पानी में कीड़े भी मिलने लगे हैं। नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड के सेल्सटैक्स कालोनी के पानी में कीड़े मिलने की शिकायत आई है। प्रभावित कालोनी के रहवासियों ने निगम के नलों से पानी में कीड़ा आने की शिकायत की।

विदित हो, एक दिन पहले ही जोन 6 के महामाया मंदिर वार्ड के परशुरामनगर के रहवासियों ने नलों से गंदा पानी की शिकायत की थी। लोगों ने बोतल बरतन में गंदा पानी रखा था। अब बुधवार की शाम सेल्स टैक्स कालोनी में नलों से आए पानी में लाल रंग के कीड़े निकलने की शिकायत की गई।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड स्थित सेल्स टैक्स कालोनी में मंगलवार की रात बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा अंडरग्राउंड पाइप लाइन डालने का काम किया जा रहा था। जिसके चलते पानी की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई। डेमेज हुई पाइप लाइन से बाद में पानी में कीड़े मिलने की शिकायत भी लोगों ने वार्ड पार्षद रोहित- पुष्पा साहू से की। पार्षद ने मौके पर जाकर खुदाई कार्य को रूकवाया, साथ ही निगम से बिना अनुमति लिए सड़क खुदाई पर नाराजगी जताई। इसकी सूचना जल विभाग के अधिकारियों को भी दी गई। इसके बाद क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को सुधारने कार्य किया।



# सिम स्वैप कर जालसाज ने किसी दूसरे के अकाउंट से चार लाख का इंस्टेंट लोन पास कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- प्रोसेसिंग शुल्क कटने पर मिली जानकारी

राजेंद्र नगर थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ सिम स्वैप कर चार लाख रुपए इंस्टेंट लोन पास कराने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवक ने अपने अकाउंट में आए इंस्टेंट लोन को बैंक में होल्ड करा दिया है। फर्जी तरीके से अकाउंट में लोन आने की वजह से युवक का अकाउंट बैंक ने ब्लाक कर दिया है। युवक का आईसीआईसीआई बैंक में सैलेरी अकाउंट है।

महावीर नगर निवासी अनुज मिश्रा जो निजी क्षेत्र में जॉब करता है, उसने पुलिस थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। अनुज ने पुलिस को बताया है कि उसके मोबाइल में इंस्टेंट लोन पास होने का मैसेज आया, जिसे देख उसने फ्रॉड करने वालों का मैसेज समझ डिलीट कर दिया।

इसके बाद 26 जनवरी को मोबाइल का नेटवर्क ऑटोमैटिक गायब हो गया। मोबाइल नेटवर्क गायब होने के बाद अनुज नया सिम लेने गया। इस दौरान नेटवर्क पुनः चालू हो गया। सिम चालू होने के बाद अनुज ने देखा कि उसके अकाउंट से लोन संबंधित प्रोसेसिंग चार्ज के नाम पर पैसा कटा है। इसी तरह से दूसरे दिन अनुज के अकाउंट से और पैसे कटे। इस तरह अनुज के अकाउंट से कुल 58 सौ रुपए लोन प्रोसेसिंग चार्ज के नाम पर कटा।



### इस तरह से ठगी की पहली घटना

किसी दूसरे के मोबाइल नंबर तथा अकाउंट का इस्तेमाल कर ठगी की कोशिश करने की यह पहली घटना है। थाने में इंस्टेंट लोन के नाम पर ठगी करने की यह पहली घटना है। पूर्व में इस तरह की ठगी करने की थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। इस संबंध में सायबर सेल के पुलिस अफसरों से संपर्क किया गया, तो उन लोगों ने केस स्टडी करने के बाद कुछ बता पाने की बात कही।

### लोन की राशि देख हक्का-बक्का

प्रोसेसिंग फीस के नाम पर पैसा कटने के बाद अनुज ने देखा कि उसके अकाउंट में कुल प्रोसेसिंग फीस आठ हजार रुपए कटने के बाद चार लाख रुपए की राशि अकाउंट में जमा हुई है। अनुज के अकाउंट में पैसा आने के बाद अकाउंट ब्लाक हो गया। इसके बाद अनुज बैंक पहुंचा और अकाउंट में जमा पैसा होल्ड कराया।

## पेज 11 के शेष

### पूर्व मंत्री कवासी ...

आने की जिद करने लगी थीं।

**सत्र में शामिल होने अध्यक्ष को देना होगा आवेदन** : शराब घोटाला में आरोपी बनाए गए कवासी लखमा कोंटा के विधायक हैं। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने कवासी लखमा को विधानसभा अध्यक्ष को आवेदन देना होगा। विधानसभा अध्यक्ष कवासी लखमा के आवेदन पर विचार कर उन्हें सत्र में शामिल होने अनुमति दें या न दें यह विधानसभा अध्यक्ष पर निर्भर करता है।

### ये कॉलोनियां होंगी ...

गोबरा, नवापारा, विशेष आवासीय योजना, सेरीखेडी (एआईएस) विशेष आवासीय योजना, सेरीखेडी (एमपी/एमएलए) विशेष आवासीय योजना, सेरीखेडी (मंत्रालयीन अधिकारी/कर्मचारी) फेस-1, विशेष आवासीय योजना, धरमपुरा, फेस-1, रायपुर (ए.आई.एस.) विशेष आवासीय योजना, धरमपुरा, फेस-2, रायपुर (एमपी/एमएलए) अटल विटार योजना, आरंग, जिला-रायपुर, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर, नगर पंचायत, अभनपुर, जिला-रायपुर , नगर पालिका, गोबरा नवापारा, जिला-रायपुर, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर, नगर पालिका, आरंग, जिला-रायपुर, दीनदयाल आवास कॉलोनी बलौदाबाजार, नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार,सामान्य आवास कॉलोनी भाटापारा, नगर पालिका परिषद भाटापारा, दीनदयाल आवासीय कॉलोनी अमलेश्वर, नगर पालिक परिषद अमलेश्वर, व्यवसायिक परिसर न्यू बस स्टैंड राजनांदगांव ,नगर पालिक निगम राजनांदगांव, सामान्य आवास योजना के अन्तर्गत हटकेश कॉलोनी में निर्मित 222 नग भवनों का निर्माण। इसमें रायपुर विकास प्राधिकरण की तीन कॉलोनियां कौशल्य विहार,इंद्रप्रस्थ फेस 1 और इंद्रप्रस्थ फेस 2 शामिल है।

### संयुक्त राउंड में ...

समेत अन्य शासकीय कालेजों की क्लीनिकल सीटों पर एडमिशन हो चुका है। इस बार यूजी डाक्टरों की ज्यादा दिलचस्पी रेडियो डायग्नोसिस सीटों पर रही और टॉपरों को इसका आवंटन किया गया था। जिन्हें नॉन क्लीनिकल सीटों का आवंटन हुआ है वे मॉपअप राउंड के दौरान अपग्रेडेशन के लिए आवेदन का इंतजार कर रहे हैं। इस बार तृतीय चरण में भी सीटें अपग्रेड करने का मौका दिया गया है। चिकित्सा शिक्षा से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इस बार शासकीय कालेजों की सारी सीटों पर एडमिशन होने की संभावना है क्योंकि एनएमसी द्वारा प्रवेश के न्यूनतम अंक में कमी की गई है। मॉपअप राउंड की प्रक्रिया इसी महीने पूरा किए जाने की संभावना है।

### प्रतिदिन 25 ..

गांधी सदन के सभागार में राजस्व विभाग उपायुक्त जागृति साहू सहित जोन कमिश्नरों, अभियंताओं और जोन सहायक राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान आयुक्त ने आवासीय परिसर में अंतिम नोटिस के प्रारूप में नल विच्छेद संबंधी बिंदु जोड़ने और बकाया कर भुगतान न किए जाने की दशा में नल विच्छेद की कार्यवाही किए जाने संबंधी निर्देश दिए। साथ ही नगर निगम मुख्यालय से संचालित बाजार विभाग के डिमांड नोट का भी अवलोकन किया। बैठक में आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों को निर्देशित करते हुए कहा कि अवकाश के दिनों में भी राजस्व वसूली के लिए शिविर लगाएं। सुबह और शाम शहर के बगीचों का निरीक्षण कर उचित रखरखाव किया जाना सुनिश्चित करें।


**G.R. GROUP OF INDUSTRIES**

G.R. Sponge And Power Ltd.Unit-1 Unit-II and Ferro Division)

Phase-II, Industrial Area, Siltara, Raipur (C.G), Pin -493111

**AFIH CERTIFIED DOCTOR REQUIRED**

| Sl.No. | Name of Post | Qualification |
|---|---|---|
| 1 | AFIH Doctor | MBBS+AFIH |

Interested candidates may please send their self attested biodata, with recent coloured passport photo, scanned copy of certificate in support of DOB, qualification, MCI Registration Certificate, Category experience. Kindly share your resume with all documents to mddesk@grgroupindia.com, gr@hrgroupindia.com

ATUL

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न

जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज

सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center

बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# वन अपराध रोकने में नाकाम वन विभाग अब ग्रामीणों को लड़ाने की योजना बना रहा

## शिकार रोकने शिकारियों की पहचान कर उनका सामाजिक बहिष्कार कराने की योजना बना रहा विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिकार की घटना रोकने में नाकाम वन विभाग, वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन अब ग्रामीणों को लड़ाने की तैयारी कर रहा है। इसकी पुष्टि 12 दिसंबर 2024 को समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णय से हो रही है। राज्य बनने के बाद से लेकर अब तक हजारों की संख्या में विलुप्त के साथ अन्य प्रजाति के वन्यजीवों का शिकार किया गया है। शिकार की घटना में आरोपी पकड़े भी गए हैं, लेकिन किसी भी शिकारी को विभागीय अधिकारी आज तक कोर्ट से सजा नहीं दिला पाए हैं। इसका कारण वन विभाग के अफसर तथा विवेचकों द्वारा कोर्ट में सही तरीके से तथ्य पेश नहीं कर पाने के साथ कमजोर पीओआर दर्ज करना है। समीक्षा बैठक में शामिल 15 भारतीय वन तथा चार राज्य वन सेवा के अफसरों ने शिकार की घटना रोकने जो निर्णय लिया है, उसके मुताबिक अफसरों का निर्णय कुछ इस तरह से है। इन्हें सामाजिक स्तर पर बहिष्कृत करने के लिए संबंधित गांव के मुखिया, धर्मगुरु, प्रतिष्ठित व्यक्ति एवं समाज सेवी संस्था के साथ बैठक कर उनके गांव में कैंप लगाकर घटित हुए अवैध शिकार के फोटोग्राफ्स उन्हें दिखाकर वन्यजीव अपराध की रोकथाम के लिए जागरूकता लाने अपील करें तथा अपराधी को दंडित करने अथवा बहिष्कृत करने अपील की जाए। बैठक पहले कवर्धा वनमण्डल एवं उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व अंतर्गत किये जाने के लिए योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये। साथ ही समस्त वनाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के अपराधियों, संदिग्धों की सूची संधारित करने के निर्देश दिए गए।

### टोनही प्रताड़ना की तरह सामाजिक बहिष्कार

सामाजिक बहिष्कार भी टोनही प्रताड़ना की तरह है। गांव में किसी परिवार का बहिष्कार करना होता था, इसके लिए गांव के रसूखदार उस परिवार के खिलाफ साजिश कर टोनही होने का आरोप लगा देता था। किसी परिवार की महिला पर टोनही होने का आरोप लगने के बाद गांव के लोग उस परिवार का सामूहिक रूप से बहिष्कर कर देते थे। कुछ इसी तरह की प्रताड़ना शिकारी का सामाजिक बहिष्कार है। गांव में जिस व्यक्ति का सामाजिक बहिष्कार होता है, ग्रामीण उस व्यक्ति के पूरे परिवार का सामाजिक बहिष्कार कर देते हैं।




### विवाद की स्थिति निर्मित होगी

शिकार पर अंकुश लगाने विभागीय अधिकारियों द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाकर शिकारी का सामाजिक बहिष्कार कराए जाने लोगों को प्रेरित करने से गांव में तनाव के साथ विवाद की स्थिति निर्मित होगी। गांव वाले किसी के साथ विवाद होने पर एक दूसरे को फंसाने किसी वन्यजीव का शिकार करेंगे।

### सामाजिक बहिष्कार अनुचित

शिकार की घटना रोकने वन विभाग के अफसरों को गांव में जन जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। सामाजिक बहिष्कार पूरी तरह से गलत है। गांव में किसी का सामाजिक बहिष्कार किया जाता है, उस एक के कारण गांव वाले पूरे परिवार का बहिष्कार कर देते हैं। इससे उनकी सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक ताना-बाना बुरी तरह से प्रभावित होता है। वन अपराधियों को वन्यजीव अधिनियम का पालन करते हुए कोर्ट से सजा दिलानी चाहिए।

**- डॉ. दिनेश मिश्रा, अध्यक्ष,**
अंध श्रद्धा निर्मूलन समिति

## खबर संक्षेप



### सार्वजनिक की जाए पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की किताब

**रायपुर।** गलवान घाटी संघर्ष 2020 को लेकर पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे द्वारा पुस्तक में किए गए खुलासों तथा इस विषय पर संसद में राहुल गांधी को बोलने से रोके जाने के विरोध में युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ द्वारा बुधवार को राजीव गांधी चौक पर विरोध-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के सैकड़ों पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर केंद्र सरकार की चुप्पी व नीतियों के खिलाफ आक्रोश जताया गया। प्रदर्शनकारियों ने गलवान मामले पर प्रधानमंत्री से जवाब, शहीद जवानों की शहादत पर जवाबदेही तथा सच्चाई देश के सामने लाने की मांग की। युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा, गलवान संघर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा व जवानों के सम्मान से जुड़ा विषय है, जिस पर सरकार की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदर्शन में प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा, सजल चंद्राकर, गुलजेब अहमद, नीरज घोरे, आस मोहम्मद, आदिल आलम, अमिताभ घोष सहित जिला युवा कांग्रेस शहर व ग्रामीण के पदाधिकारी-कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### दो अलग-अलग मामलों में तीन गांजा तस्करों को कैद के साथ जुर्माना

**रायपुर।** गांजा तस्करी के दो अलग-अलग प्रकरणों में विशेष न्यायाधीश किरण थवाइत की एनडीपीएस कोर्ट ने कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। एक प्रकरण में कोर्ट ने दो तस्करों को 15-15 वर्ष कैद के साथ डेढ़-डेढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। एक अन्य प्रकरण में आरोपी को कोर्ट ने सात वर्ष कैद के साथ 75 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार गंज थाना क्षेत्र में पौने 17 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार उत्तरप्रदेश तथा बिहार के युवक सुनील निषाद तथा दीपक कुमार भारती को कोर्ट ने 15-15 वर्ष कैद के साथ जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस ने दोनों तस्करों को 17 जून 2024 को तेलंघानी नाका के पास गांजा के साथ गिरफ्तार किया था।

### आउटर में हेलमेट अनिवार्य करने की मांग

**रायपुर।** नहरपारा विकास समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर रायपुर शहर के आउटर में हेलमेट अनिवार्य करने की मांग की है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप चावला एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने कहा है कि रायपुर शहर अब महानगर बनने जा रहा है, शहर में लोग धीरे गाड़ी चलाते है परंतु आउटर में युवा वर्ग बहुत तेज गाड़ी चलाते है, आपने जनता को जागरूक करने के लिए हेलमेट पहनकर स्कूटर चलाई। आपसे 5 साल पहले भूपेश बघेल ने भी जनता को जागरूक करने के लिए हेलमेट पहनकर स्कूटर चलाई थी तथा 10 साल पहले डा. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री रहते हुए हेलमेट पहनकर स्कूटर चलाई थी।

## एनएफएसए के एक माह का चावल बढ़ा सकती है और परेशानी

# सर्वर के कारण 4 दिन से बंट नहीं पाया दो माह का चावल

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

छत्तीसगढ़ में दो माह का एक साथ चावल बांटने का आदेश राशन कार्ड धारकों के लिए परेशानी का कारण बन सकता है। एक तारीख से कार्ड धारकों को दो माह का चावल मिलना था, लेकिन आज चौथा दिन है, पर अब तक किसी भी राशन दुकान में चावल वितरण शुरू नहीं हो पाया है, जिसके कारण कार्ड धारकों को भी दुकानों से खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इधर सर्वर ठीक होने के बाद अगर आज से राशन दुकानों में चावल वितरण शुरू होता है, तो भी कार्ड धारकों की परेशानी में पड़ सकते हैं, क्योंकि दो माह का एक साथ चावल वितरण का आदेश राज्य सरकार ने जारी किया है, जबकि केंद्र सरकार एक माह का चावल ही वितरित करेगा। ऐसे में एपीएल को छोड़कर अन्य सभी कार्डों धारकों को राज्य के कोटे का दो माह का चावल तो मिल जाएगा, लेकिन एनएफएसए के तहत एक माह का ही चावल मिलेगा। इससे कारण कार्ड धारकों के ऑनलाइन एंट्री में कम चावल दिखा सकता है, जिससे धारकों को मजबूरी में दुकानों का दूसरे महीने में भी चक्कर काटना पड़ सकता है।



### दुकान संचालक एवं हितग्राही के बीच विवाद की स्थिति भी बनेगी

एपीएल कार्ड को छोड़कर अन्य सभी कार्डधारकों के लिए फरवरी और मार्च महीने का एक साथ चावल बांटने का आदेश जारी हुआ है।इस आदेश के तहत 1 फरवरी से सभी राशन दुकानों में चावल का वितरण शुरू होना था, लेकिन सर्वर की समस्या के कारण एक तारीख से लेकर 4 तारीख तक वितरण शुरू नहीं हो पाया है। इसके कारण कार्ड धारक लगातार राशन दुकानों के चक्कर काट रहे हैं। इधर गुरुवार से अगर सर्वर ठीक होने के बाद चावल वितरण भी किया जाता है तो धारकों को सीजीएफएसए का चावल तो दो महीने का मिलेगा, लेकिन एनएफएसए का एक माह का ही चावल मिलेगा। इससे दुकान संचालकों और कार्ड धारकों के बीच विवाद की स्थिति भी निर्मित होने की संभावना रहेगी।

### चावल लैप्स होने की संभावना

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रत्येक राशन कार्ड के लिए राज्य और केंद्र द्वारा चावल आवंटन किया जाता है, जिसकी एंट्री ऑनलाइन रहती है। इस एंट्री के अनुसार ही कार्ड धारक को चावल वितरण होता है। चालू माह के 4 दिन बीत चुके हैं, वहीं चावल वितरण के लिए अब शेष 24 दिन ही बचे हैं। इनमें से भी तीन दिन सोमवार को राशन दुकानें बंद रहेंगी। इस तरह 21 दिनों में दो माह का चावल वितरण करना होगा, जो दुकान संचालकों के लिए चुनौती से कम नहीं होगा। इस दौरान कई धारकों को चावल नहीं मिला, तो उनका चावल लैप्स भी हो सकता है, क्योंकि बैक माह का चावल वितरण करने का ऑप्शन के लिए केंद्र से अनुमति लेनी होती है।

### व्यवस्था करना चाहिए

फरवरी में अगर कार्ड धारक वंचित हो जाते हैं, तो उन्हें मार्च में दो माह का चावल देने की व्यवस्था करनी चाहिए।

**- नरेश बाफना**
अध्यक्ष, छग पीडीएस संघ

# पेयजल संकट से निपटने 21 स्थानों पर बोरवेल खनन कराने पार्षदों ने की मांग

## मोवा स्थित जोन 9 दफ्तर में जोन अध्यक्ष ने अधिकारियों और पार्षदों की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर नगर निगम के आउटर में स्थित वार्डो में पेयजल संकट से निपटने अभी से तैयारी शुरू हो गई है। जल संकट संभावित इलाकों से पेयजल आपूर्ति के लिए बोरवेल खनन कराने पार्षदों ने मांग की है। मोवा स्थित जोन 9 कमिश्नरी में बुधवार को एक बैठक रखी गई।

जोन अध्यक्ष गोपेश साहू की अध्यक्षता में हुई बैठक में जोन 9 कमिश्नर सहित जोन के अधिकारी, कर्मचारी और संबंधित वार्डो के पार्षद शामिल हुए। इस दौरान अलग-अलगक 21 स्थानों पर पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए बोरवेल खनन कराने की मांग वार्ड पार्षदों ने रखी। नगर निगम जोन 9 कमिश्नरी के मोवा, दलदल सिवनी, ब्रम्हदेव नगर, कचना, भवानीपारा, ,सड्डू के बंजरपारा, खालबाड़ा क्षेत्र, जीएडी कालोनी कचना, कांपा बस्ती, लोधीपारा, प्रधानमंत्री आवासीय परिसर कचना, दलदल सिवनी और लभांडी के संकल्प सोसायटी, फुंडहर, सूरजनगर, जोरा के नाला पारा क्षेत्र में पेयजल समस्या को दूर करने बोरवेल खनन समय रहते करवाने वार्ड पार्षदों ने सुझाव दिए।

जोन अध्यक्ष गोपेश साहू ने बताया कि ग्रीष्मकाल को ध्यान रखते हुए जोन अंतर्गत सभी 7 वार्डों में संभावित पेयजल संकट से निपटने हेतु पूर्व तैयारी सुनिश्चित करना मुख्य उद्देश्य रहा। बैठक में वार्डवार समीक्षा की गई जिसमें सभी पार्षदों बारी-बारी से अपने-अपने वार्डों में वर्तमान जल आपूर्ति की स्थिति, बोर खनन, टैंकर व्यवस्था, पाइपलाइन से संबंधित समस्याओं तथा नागरिकों की शिकायतों की जानकारी दी। इस मौके पर वैकल्पिक जल व्यवस्था, नियमित निगरानी एवं त्वरित समाधान की रूपरेखा तैयार की गई। जोन अध्यक्ष गोपेश साहू ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जलापूर्ति से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए। इसके साथ ही फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव को नियमित रूप से कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में पंडित लालबहादुर शास्त्री वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू ने ब्रम्हदेवनगर में पेयजल संकट को देखते हुए दो स्थानों पर बोरेवेल खनन की मांग की। सूरजनगर, फुंडहर और लभांडी में पानी की समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया। बैठक में इसके अतिरिक्त जोन क्षेत्र में हो रही अवैध प्लाटिंग एवं अवैध निर्माण पर कड़ी कार्रवाई, वार्डों में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में प्रमुख रूप से जोन अध्यक्ष गोपेश साहू, एमआईसी सदस्य खेम सेन, पार्षद रेणु -जयंत साहू, मोहन साहू, प्रभा -मनोज विश्वकर्मा, सावित्री -भारत धीवर, जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सहित जोन 9 के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नंदनवन में अव्यवस्था को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की थी

# नंदनवन का संचालन रायपुर वनमंडल के हवाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नंदनवन पक्षी विहार का संचालन रायपुर वनमंडल को दे दिया गया है। इसके पूर्व नंदनवन का संचालन जंगल सफारी प्रबंधन करता था। नंदनवन में जारी अव्यवस्था को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की थी।

हरिभूमि फॉलोअप

इसके बाद वनमंत्री केदार कश्यप तथा क्षेत्रीय विधायक राजेश मूणत नंदनवन पक्षी विहार का जायजा लेने के लिए पहुंचे। इस दौरान वनमंत्री ने नंदनवन का संचालन रायपुर वनमंडल के सुपुर्द करने निर्देश दिए थे। जारी आदेश के मुताबिक 31 जनवरी 2026 को नंदनवन पक्षी विहार को रायपुर वनमंडल के सुपुर्द करने निर्णय लिया गया है। निर्णय के अनुसार नंदनवन पक्षी विहार के बाड़े में पक्षियों की सुरक्षा, रख-रखाव की जिम्मेदारी रायपुर वनमंडल करेगा। मंत्री ने नंदनवन को नए सिरे से संवारने के निर्देश दिए हैं। प्रारंभिक खर्च के लिए 30 लाख रुपए आबंटित किया गया है।


वन मंत्री कश्यप, मूणत ने नंदनवन पक्षी विहार का निरीक्षण किया, अधिकारियों को आवश्यक निर्देश
पक्षियों पर चूहों का हमला-मौत की खबर से वन महकमे में मचा हड़कंप, मंत्री-विधायक पहुंचे

### ग्रामीणों ने किया था विरोध

नंदनवन में चूहों ने सैकड़ों की संख्या में अपने लिए बिल बना लिए हैं। चूहा पक्षियों के दाना चुगने बिल से निकलते हैं। दाना चूगने के दौरान चूहों के कुतरे जाने से कई विदेशी पक्षियों की मौत हो गई थी। चूहों के कुतरने से पक्षियों की मौत होने के बाद सफारी प्रबंधन नंदनवन से विदेशी पक्षियों को शिफ्ट करने की फिराक में था। इस दौरान सफारी प्रबंधन कुछ विदेशी पक्षियों को जंगल सफारी शिफ्ट कर दिया। इस बात की जानकारी मिलने पर ग्रामीण नंदनवन पहुंच जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए पक्षियों को ले जाने से रोका। इसी तरह ग्रामीणों के विरोध के चलते सफारी प्रबंधन नंदनवन से चीतल जंगल सफारी शिफ्ट नहीं कर पाए। नंदनवन के रायपुर वनमंडल में शामिल होने के बाद अब वहां से चीतल जंगल सफारी शिफ्ट कर दिया जाएगा।

# डाक्टरों के अभाव से जूझ रहे दो सरकारी सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल, तीसरा पीपीपी मोड पर

## रायपुर, बिलासपुर के अस्पताल 40 डाक्टरों के भरोसे, जगदलपुर के लिए हुए एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गंभीर बीमारी के इलाज के लिए प्रदेश में संचालित तीन सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में से दो डाक्टरों की समस्या से जूझ रहे हैं और तीसरे का संचालन पीपीपी मोड पर किया जा रहा है। रायपुर का डीकेएस और बिलासपुर का दिलीप सिंह जूदेव हास्पिटल 40 डाक्टरों के भरोसे संचालित हो रहा है, जबकि यहां 135 पद स्वीकृत हैं। सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों के अलग कैडर और नियमित भर्ती इसकी बड़ा कारण है।




प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को अपनी गंभीर बीमारी के इलाज के लिए राजधानी तक का सफर नहीं करना पड़े, इसके लिए बिलासपुर और जगदलपुर में सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल की शुरुआत की गई है। इसमें जगदलपुर के अस्पताल का संचालन करने तेलगांना के हेल्थ ग्रुप से समझौता किया गया है। उनके द्वारा अस्पताल में उपकरणों के साथ मानव संसाधन की व्यवस्था भी की गई है। बिलासपुर और रायपुर के अस्पताल का संचालन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। यहां मरीजों को जरूरी इलाज की सुविधा तो मिल रही है मगर आवश्यकताओं के हिसाब से वह काफी कम है। दोनों हास्पिटलों में सबसे बड़ी कमी चिकित्सकों की है। वैसे तो सेटअप के हिसाब से दोनों अस्पतालों में डाक्टरों के कुल 135 पद स्वीकृत है। मगर यहां काम करने वालों की संख्या आधे से भी कम है। दोनों अस्पताल कुल 40 डाक्टर काम कर रहे हैं और 95 पद रिक्त पड़े हैं। सूत्रों के मुताबिक इसकी प्रमुख वजह डाक्टरों की सीधी भर्ती का अभाव है। पड़ोसी राज्य यानी मध्यप्रदेश में रिक्त पदों पर सीधी और नियमित भर्ती का अधिकार मेडिकल कालेज के डीन और डीएमई स्तर पर पूरी कर ली जाती है जबकि छत्तीसगढ़ में इसके लिए शासकीय स्तर पर पूरी प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती है। राज्य में अब तक सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों का कैडर नहीं बना है इसकी वजह से उन्हें इस हिसाब से सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है।

### तीन हास्पिटल नियमित

दोनों हास्पिटल में नियमित डाक्टर के रूप में कुल तीन डाक्टर कार्यरत है और संविदा चिकित्सकों की संख्या 37 है। डीके अस्पताल में तो अक्सर डाक्टरों के नौकरी छोड़ने की समस्या सामने आती है। इसकी वजह डाक्टरों के नियमित नहीं किया जाना है। सूत्रों का कहना है कि नियमितिकरण के अभाव में अगर संलग्नीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाती है तो भी पलायन करने वाले डाक्टरों का रोका जा सकता है। शासन द्वारा इस ओर भी अब तक ध्यान नहीं दिया गया है।

### सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और डाक्टर

**डीकेएस हास्पिटल रायपुरः-** कुल 57 पद स्वीकृत जिसमें 2 नियमित और 30 संविदा यानी कुल 32 कार्यरत और 25 की कमी
**दिलीप सिंह जूदेव हास्पिटल बिलासपुरः-** कुल 78 पद स्वीकृत जिसमें 1 नियमित और 7 संविदा यानी कुल 8 कार्यरत 70 की कमी

# नाले की जमीन पर कब्जा करने वाले भू माफिया का नाम हो उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने वीआईपी रोड स्थित सरकारी नाला की दिशा बदलकर बेजा कब्जा किए जाने पर ऐतराज जताया है। निगम आयुक्त को पूर्व में भी उन्होंने स्थल निरीक्षण के बाद शिकायत कर पूरे रकबे का सीमांकन कराने की मांग की। इसके साथ नाले पर कब्जा करने वाले भूमाफिया का नाम उजागर कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने आग्रह किया है। वीआईपी रोड स्थित सरकारी नाले पर बेजा कब्जा कर दिशा बदलने की शिकायत गत दिनों सामने आई। इस मामले में संज्ञान लेते हुए नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने स्थानीय लोगों के साथ स्थल निरीक्षण कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। स्थानीय निवासियों ने उन्हें बताया की नाले से लगी हुई एक डबरी हुआ करती थी, जिसमें पशुओं को पीने के पानी की व्यवस्था थी। अब नाले के साथ सरकारी डबरी को कब्जा करने की साजिश हो रही है। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने स्थल में जाकर इसका खुलासा किया था। श्री तिवारी ने कहा कि कब्जे के खुलासे के बाद जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन ने संबंधितभूमि की सीमांकन करवाने की बात कही। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित भूमि सहित नाले का सीमांकन कराये जाने की बात कही गई।

आवश्यकता है



कुशल ड्राइवर
(ऑटोमेटिक गाड़ी चलाने में सक्षम)
इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा एवं ड्राईविंग लाइसेंस के साथ संपर्क करें
समय : सुबह 10 से शाम 6 बजे
एच.आर. विभाग
हरिभूमि inh. पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com



20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

आशादीप हॉस्पिटल



वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन
ट्रॉमा, जोड़ प्रत्यारोपण एवं स्पोर्ट्स इंजुरी सर्जन
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
हड्डी एवं जोड़ संबंधी रोगों के उपचार का सर्वोत्तम केन्द्र
- फ्रेक्चर एवं एक्सीडेंट की चिकित्सा (24x7 आपातकालीन सेवा)
- घुटना और कूल्हा जोड़ प्रत्यारोपण (उन्नत तकनीकों के साथ)
- रीढ़ की हड्डी (स्पाइन सर्जरी)

महिलाओं के संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए अनुभवी एवं विशेषज्ञ (Gynecologist) उपलब्ध।
- 24 घंटे सामान्य एवं सिजेरियन (ऑपरेशन द्वारा) प्रसव सुविधा उपलब्ध
- महिलाओं के लिए अल्ट्रासाउंड (USG) जाँच की सुविधा उपलब्ध
- बांझपन (इनफर्टिलिटी) एवं आईवीएफ (IVF) उपचार
- गर्भावस्था से जुड़ी सभी समस्याओं का समुचित ईलाज

पता- पानी टंकी के सामने, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
संपर्क- 8433581666, 9340240899
24x7 एक्सीडेंट एवं इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध

हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 5 फरवरी 2026
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

शास्ति नाटक ने नारी के शोषण ...

लाइव इवेंट

## विद्यार्थियों की विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाओं को मिला अवसर



**रायपुर।** कान्यकुब्ज शिक्षा मंडल द्वारा संचालित आशीर्वाद हायर सेकेंडरी इंग्लिश स्कूल बैरन बाजार में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच,नवाचार एवं रचनात्मकता का विकास करना था। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा, जल संरक्षण, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष विज्ञान एवं आधुनिक तकनीक से संबंधित विभिन्न मॉडल एवं चार्ट प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपने मॉडल्स के माध्यम से वैज्ञानिक तथ्यों को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाने का प्रयास किया। इस आयोजन का आगाज मुख्य अतिथि एके सारस्वत, उप संचालक, समग्र शिक्षा, विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष कान्यकुब्ज सभा एवं शिक्षा मंडल, अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, सचिव राजकुमार दीक्षित ने किया।

### वैज्ञानिक दृष्टिकोण को मिलती है मजबूती

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष शरद शुक्ला, सहसचिव प्रमोद मिश्रा, सहसचिव अनुराग पाण्डेय, प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों की पहल और उनके प्रयास पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों को अवगत करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों में आत्मविश्वास एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण को मजबूत करती हैं। अध्यक्ष सुरेश मिश्रा ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी एवं सचिव ने सभी का आभार प्रदर्शन किया। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी में सांस्कृतिक आयोजन भी किया गया था।

● शहर के फूल मार्केट और गिफ्ट हाऊस गुलाब, चॉकलेट, टेडी बियर की ऑनलाइन व ऑफलाइन डिमांड बढ़ी

# वेलेंटाइन डे से पहले गुलाब की मखमली पंखुड़ी संजो रहे युवा, हार्ट-शेप बुके से सजा बाजार

रायपुर। मखमली पंखुड़ियों वाले अरेंजमेंट, हार्ट-शेप बॉक्स डिजाइन बुके सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं, जो कपल्स के जज्बात को आकर्षक तरीके से बयां करने और रिश्तों में महक बिखेरेंगे। ऐसे में वेलेंटाइन वीक और कपल्स की तैयारियां के अनुरूप बाजार सज गया है।

वेलेंटाइन डे को लेकर बाजार में रौनक देखेने को मिल रही है। शहर के फुल दुकानों, गिफ्ट हाऊस पर गुलाब, चॉकलेट, टेडी बियर की ऑनलाइन व ऑफलाइन डिमांड बढ़ गई है। इससे फुल, चॉकलेट, टेडी बियर, गिफ्ट हाउस, सराफा की बाजार गुलजार हो गई है। इसके साथ-साथ काफी हाउस, रेस्टोरेंट्स , टूर स्पॉट की भी बुकिंग कपल्स करा रहे हैं। वहीं रोज डे के लिए फुल दुकानों पर क्लासिक गहरे लाल गुलाबों के साथ-साथ पीच, लैवेंडर, और मिक्स पेस्टल शेड्स वाले बुके ट्रेंड में हैं।

### 7 फरवरी : रोज-डे की सुबह की शुरूआत गुलाब से होगी

7 फरवरी को रोज डे होगा। यह वैलेंटाइन वीक की पहली सुबह गुलाबों की खुशबू के साथ शुरू होगी। इस दिन लोग अपने जज्बात गुलाब के जरिए बयां करेंगे। ऐसे में शहर के फुल दुकानों में लाल गुलाब की मांग बढ़ गई है। प्यार के लिए लाल गुलाब, तो पीला दोस्ती और सफेद गुलाब सम्मान के लिए खरीदे जाएंगे। इस तरह गुलाब की फुलों से रिश्ते को नाम देकर चेहरों पर मुस्कान बिखरेंगी।

### 8 फरवरी: प्रपोज-डे के लिए काफी शॉप रेस्टोरेंट्स और टूर स्पॉट करा रहे बुक

दूसरा दिन प्रपोज-डे है। इस दिन युवा दिल में लंबे समय से दबाकर रखी बात उस खास इंसान के सामने इजहार करेंगे और रिश्ते को एक नया नाम देंगे। प्रपोज डे को खास बनाने काफी शॉप, रेस्टोरेंट्स और टूर स्पॉट की एडवांस बुकिंग युवा करा रहे हैं।

### 9 फरवरी: चॉकलेट- डे के लिए फेवरेट फ्लेवर की कॉबो पैक

तीसरा दिन प्यार में मिठास घोलने का दिन। चॉकलेट- डे पर पार्टनर्स एक-दूसरे को उनकी पसंदीदा चॉकलेट गिफ्ट करेंगे। इसके लिए शहर के बाजार में अभी से चॉकलेट डे के लिए फेवरेट फ्लेवर वाली चॉकलेट गिफ्ट हेंपर उपलब्ध हो चुके हैं। बेकरी संचालक विवेक गुप्ता ने बताया कि चॉकलेट-डे पर तरह-तरह फ्लेवर की चॉकलेट की मांग होती है।





### 10 फरवरी : टेडी -डे के लिए हार्ट शेप, लव मैसेज वाली टेडी बियर पसंद

*चौथ दिन टेडी डे मासूमियत और अपनापन दर्शाता है। एक प्यारा-सा टेडी बियर यह एहसास दिलाता है कि जब आप साथ न हों, तब भी आपकी यादें सामने वाले के पास हैं। शहर के टेडी विक्रेता सिद्धांत वर्मा ने बताया कि इस दिन हार्ट शेप डिजाइन के साथ लव मैसेज लिखे टेडी बियर की खूब मांग रहती है।*



### 11 फरवरी: प्रॉमीस-डे के लिए कीमती उपहारों ऑनलाइन खरीदी

पांचवा दिन प्रॉमीस डे यह दिन वादे निभाने और रिश्तों में विश्वास का दिन होता है। इस दिन के लिए कपल्स ज्वेलरी सहित अन्य कीमती उपहार ऑनलाइन व ऑफलाइन बुक करा रहे हैं। इसके साथ ही कपल्स एक-दूसरे से ईमानदारी, भरोसे और हर परिस्थिति में साथ निभाने का वादा करेंगे।

### 12 फरवरी: हग डे पर जादू की झप्पी

पांचवा दिन हग-डे, एक सच्ची झप्पी जादू जैसा होता, जो बिना कुछ कहे बहुत कुछ कह जाती है। हग डे प्यार, सुरक्षा और अपनापन जताने का दिन है। यह दिलों की दूरी को कम करने का दिन होगा। यह कपल्स के लिए रिश्ते का एहसास का दिन रहेगा।

### 13 फरवरी: कीस डे को भावनात्मक और मानसिक जुड़ाव

वैलेंटाइन डे से ठीक पहले आने वाला किस डे प्यार को जताने का बेहद खास तरीका होता है। यह दिन भावनात्मक और मानसिक जुड़ाव को और गहरा करता है।

### 14 फरवरी: वैलेंटाइन वीक का सबसे खास दिन

वैलेंटाइन वीक का सबसे खास दिन। इस दिन लोग अपने पार्टनर के साथ समय बिताते हैं, डेट पर जाते हैं, सरप्राइज प्लान करते हैं और अपने प्यार का जश्न मनाते हैं। यह दिन याद दिलाता है कि प्यार हर रिश्ते की सबसे बड़ी ताकत है।

# प्रवासी छत्तीसगढ़ कॉन्क्लेव के लिए जुटेंगे लोग, विकास के लिए संवाद

**रायपुर।** प्रदेश के विकास में प्रवासी छत्तीसगढ़ियों की सहभागिता को सशक्त बनाने के लिए 27 एवं 28 मार्च को राजधानी में "प्रवासी छत्तीसगढ़ कॉन्क्लेव" का आयोजन किया जाएगा। यह कॉन्क्लेव उत्तर अमेरिका छत्तीसगढ़ प्रवासी संघ और छत्तीसगढ़ एनआरआई संघ के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस दो दिवसीय आयोजन में भारत से बाहर विभिन्न देशों में निवासरत छत्तीसगढ़ के रहवासी सहभागिता करेंगे। इस कॉनक्लेव के लिए पंजीयन जल्द शुरू होगा। कॉन्क्लेव से प्रवासी छत्तीसगढ़ियों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विकास से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाओं, रोजगार सृजन, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन एवं उद्योग विकास के लिए स्टार्टअप का विकास जैसे विषयों पर संवाद होगा।

### प्रवासी छत्तीसगढ़िया प्रदेश की अमूल्य पूंजी

*इसमें प्रवासी छत्तीसगढ़ियों के अनुभव एवं संसाधनों के माध्यम से राज्य के विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा होगी। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य प्रदेश और प्रवासी छत्तीसगढ़ी समाज के बीच संवाद को सुदृढ़ करना और सहयोग की संभावनाओं को तलाशना है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की पहचान को वैश्विक स्तर पर और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा। कॉन्क्लेव में विभिन्न क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ, उद्यमी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विशिष्ट अतिथि भाग लेंगे। इसको लेकर सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि प्रवासी छत्तीसगढ़िया प्रदेश की अमूल्य पूंजी हैं। विदेश में रहते हुए काम कर रहे लोग अपने ज्ञान, अनुभव और निवेश से राज्य के विकास को नई गति दे सकते हैं।*

# कैंसर को मात देने वालों का एम्स ने किया सम्मान

रायपुर। विश्व कैंसर दिवस पर एम्स में कैंसर सर्वाइवर्स का सम्मान किया गया। इसके लिए बुधवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में आयोजित एक हृदयस्पर्शी समारोह में बाल रोग विभाग द्वारा विश्व कैंसर दिवस पर कैंसर से सफलतापूर्वक संघर्ष करते हुए मात देने वाले सर्वाइवर्स के साहस और दृढ़ता का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में मरीजों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और सामाजिक संगठन से जुड़े लोगों ने भाग लिया। सभी ने यह सशक्त संदेश दिया कि समय पर पहचान और निरंतर उपचार से कैंसर को हराया जा सकता है। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त), कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ द्वारा आयोजन का शुभारंभ किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि चिकित्सा विज्ञान उपचार के साधन उपलब्ध कराता है, लेकिन वास्तविक विजय मरीजों की होती है।




### उपचाररत परिवारों को आश्वस्त करना

उन्होंने छत्तीसगढ़ की क्षेत्रीय स्वास्थ्य चुनौतियों पर केंद्रित अनुसंधान के विस्तार और उच्च गुणवत्ता वाली ऑन्कोलॉजी सेवाएं प्रदान करने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता दोहराई। डॉ. एली महापात्रा, डीन ने कहा कि बड़ी संख्या में सर्वाइवर्स और उनके परिजनों की उपस्थिति इस बात का जीवंत प्रमाण है कि कैंसर अब अजेय रोग नहीं रहा। बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार गोयल ने इस आयोजन का उद्देश्य वर्तमान में उपचाररत परिवारों को आश्वस्त करना है कि इस कठिन यात्रा के अंत में एक स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य उनका इंतजार कर रहा है। इस अवसर पर निरामयाह कैंसर फाउंडेशन की सक्रिय भागीदारी रही। संस्था की प्रतिनिधि सुदेशना ने वंचित परिवारों को लॉजिस्टिक और पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने में एनजीओ की भूमिका पर प्रकाश डाला।

सिटी इवेंट

## स्मार्ट सिंचाई की दिशा में नवाचार सॉइल मॉइश्चर मॉनिटरिंग डिवाइस को मिला पेटेंट

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के शोधार्थियों ने कृषि नवाचार के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल किया है।विश्वविद्यालय के शोध दल ने स्मार्ट सिंचाई अनुप्रयोगों हेतु विकसित इंटरनेट ऑफ थिंग्स आधारित वास्तविक समय मृदा नमी निगरानी उपकरण तैयार किया है। यह उपलब्धि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के मुंगेली परिसर स्थित बीआरएसएम कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में सम्पन्न एमटेक शोध प्रबंध का परिणाम है। इस सात सदस्यीय शोध दल का नेतृत्व डॉ. चन्दनिहा सहायक प्राध्यापक वैज्ञानिक ने अपने एमटेक शोधार्थी रूपांशु गुप्ता के सहयोग से किया। एमटेक शोध कार्यक्रम के अंतर्गत विकसित इस नवाचार को अब औपचारिक पेटेंट मान्यता प्राप्त हो चुकी है।



### इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के शोधार्थियों ने कृषि नवाचार के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल किया

यह पेटेंट प्राप्त प्रणाली मृदा नमी एवं संबंधित पर्यावरणीय मानकों का वास्तविक समय में आकलन करने में सक्षम है, जिससे न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ स्वचालित सिंचाई संभव होगी। यह विशेष रूप से ड्रिप सिंचाई के अंतर्गत बागवानी फसलों सहित बड़े पैमाने की कृषि गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए विकसित यह उपकरण सिंचाई दक्षता बढ़ाने, जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने एवं फसल उत्पादकता में वृद्धि करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा। डॉ. चन्दनिहा ने इस पेटेंट को कृषि क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रगति बताया। कई विभागों द्वारा इस तकनीक को किसानों के लिए अपनाने में रुचि व्यक्त की जा चुकी है।

### स्मार्ट कृषि के लिए नए अवसर सृजित करेगा

यह उपकरण छत्तीसगढ़ राज्य में व्यापक स्तर पर उपयोग की प्रबल संभावनाएं रखता है। यह प्रणाली कम लागत वाली है तथा वर्तमान में उपलब्ध समान तकनीकों की तुलना में कहीं अधिक किफायती है, जिससे यह किसानों के लिए उपयोगी एवं बड़े स्तर पर अपनाने योग्य बनती है। यह नवाचार भारत में स्मार्ट कृषि के लिए नए अवसर सृजित करेगा तथा जल संरक्षण, सतत विकास और कृषि उत्पादन में वृद्धि में सार्थक योगदान देगा।

कार्नर न्यूज

विश्व जागृति मिशन की उपाध्यक्ष डॉ. अर्चिता दीदी ने युवाओं को आध्यात्मिक विचारों से जोड़ने किया संवाद

# आनंदमय जीवन के लिए निगेटिव सोच से बचें, छोटी बातों में खुशियां ढूंढने से दिमागी तनाव को मिलेगी राहत

**रायपुर।** शहर के सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में विश्व जागृति मिशन की उपाध्यक्ष डॉ आर्चिका दीदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आनंदमय जीवन जीने के लिए सभी को खुश रहने की कोशिश करनी चाहिए। बुधवार की शाम 5 से 7 बजे के बीच युवाओं से संवाद की श्रृंखला में उन्होंने कहा कि जैसे पूर्णिमा का चांद देखकर कई लोग गीत लिखते हैं और उन्हें खुशी मिलती है। उसी तरह हम सबको उन गीतों को सुनकर खुशी मिलती है, किंतु कुछ लोग दोस्तों के पढ़ाई में आगे बढ़ने पर चिंतित हो जाते हैं। इससे ज्यादातर युवा डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। ऐसे लोग छोटी बातों के प्रभाव में माहौल खराब कर देते हैं। इससे घर का माहौल भी खराब होने लगता है। मिशन के मीडिया प्रभारी अश्वनी विग ने बताया कि इस आयोजन का हिस्सा बनने और संवाद करने युवा भी उत्साही नजर आए।



### उलझा हुआ व्यक्ति कभी खुश नहीं रह सकता

युवा संवाद की कड़ी में डॉ. आर्चिका ने बताया कि स्वर्ग और नर्क का निर्माण व्यक्ति खुद करता है। अच्छे कार्य करने से स्वर्ग जैसा माहौल बनता है, वहीं बुरे कार्य करने से नरक भोगने जैसे हालात भी जीवन में बनते हैं। खुशी बहुत बड़ी चीज है, अमीर लोगों के पास बहुत पैसा होने के बाद भी खुशी ढूंढते रहते हैं, जबकि कई लोग छोटी-छोटी बातों में खुशी ढूंढ लेते हैं। हमें जो चीज दुखी करती हैं उन्हें इग्नोर करना चाहिए। क्योंकि अपनी उलझनों से उलझा हुआ व्यक्ति कभी खुश नहीं रह सकता है। जब कोई छुट्टी मनाने बाहर जाता है तो उन्हें लगता है कि घर में लोगों के लिए गिफ्ट लेकर नहीं गया तो बातें बनेगी।



### बड़ा होने पर भूल जाते हैं आइसक्रीम का स्वाद

उन्होंने कहा कि वह उन पलों को आनंद लेने के बदले चक्रव्यूह में फंस जाता है, जबकि ऐसे विचारों को इग्नोर करना चाहिए। जब छोटे बच्चे होते हैं तो वह छोटी-छोटी बातों में खुश रहने और आनंद लेते हैं। कभी तितलियों के पीछे भागते हुए खुश होते हैं। कभी झील के किनारे रंगीन पत्थरों को देखकर खुश हो जाते हैं। बड़े होने लगते हैं तो उनकी खुशी गायब होने लगती है। छोटे बच्चों को आइसक्रीम में जो आनंद मिलता है, उसका वे पल-पल आनंद लेते हैं। किंतु बड़े होने पर आइसक्रीम का स्वाद भूल जाते हैं, क्योंकि मन को रिलैक्स नहीं रख पाते। संवाद शुरू होने से पहले आकांक्षा मिश्रा की टीम ने बहुत ही अच्छे भजनों की प्रस्तुति दी।

## सिटी लाइव

# गौरव यात्रा के लिए आमंत्रण को स्पीकर ने किया स्वीकार



**रायपुर।** राष्ट्रीय गौरव यात्रा का आयोजन शहर में 16 फरवरी को किया जाएगा। इसमें विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसका भरोसा उन्होंने निमंत्रण पत्र लेकर पहुंचे सर्वसमाज के प्रतिनिधि मंडल को दिलाया है। वहीं रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा भी सर्वसमाज के प्रतिनिधि मंडल के गौरव यात्रा में शिरकत करने वाले हैं। मंगलवार रात को स्पीकर हाउस में महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले, मराठा मित्र मंडल के अध्यक्ष लोकेश पवार, प्रदेश तिरेला कुर्मी समाज के अध्यक्ष ललित कांकडे और संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर ने डॉ. रमन से मुलाकात करके उन्हें 16 फरवरी की देरशाम सात बजे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में आमंत्रित किया।

### शाम चार बजे रायपुर पहुंचेगा भव्य रथ, होगा स्वागत

छत्रपति शिवाजी महाराज की माता जिजाऊ बाई के मायके सिंधखेड़ से 16 फरवरी को राष्ट्रीय गौरव यात्रा शुरू हो रही है। इसमें शिवाजी महाराज भव्य रथ के साथ 500 से ज्यादा लोग यात्रा में साथ चलेंगे। यह यात्रा शिर्डी, छत्रपति संभाजी नगर, जालना, नागपुर से होते हुए 16 फरवरी को शाम चार बजे रायपुर पहुंचेगी। यहां गौरव यात्रा का महाराष्ट्र मंडल सहित सर्वसमाज के प्रतिनिधि भी भव्य स्वागत करेंगे। यात्रा के साथ चल रहे जिजाऊ बाई की 16वीं पीढ़ी के वंशज राजा शिवाजी दत्तात्रेय राजे जाधव द्वारा तात्यापारा चौक पर स्थित शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा।

## समाज लाइव

# निषाद समाज जीवन साथी चुनने देगा मंच, 15 जोड़े की होगी शादी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज के बीच 8 फरवरी को उत्सव का माहौल बनने वाला है। फुडहर में एक तरफ जहां सामाजिक आयोजनों की श्रृंखला सजेगी, वहीं दूसरी तरफ समाज के लोग 15 जोड़े के आदर्श विवाह में भी शामिल होंगे। इस आयोजन से पहले छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश पदाधिकारी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। वहीं सामाजिक स्तर होने वाले इस आयोजन में प्रदेशभर से आने वाले 200 से ज्यादा युवक-युवती मंच से जीवन साथी चुनने परिचय भी देंगे। दूसरी तरफ आदर्श विवाह को विधिवत करवाने के लिए व्यवस्थागत तैयारी शुरू की है। इसके लिए दायित्वों का भी विभाजन पदाधिकारियों ने किया है।

### कुंवर सिंह निषाद पुनः निर्वाचित, संभालेंगे दायित्व

इस 24वें युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं आदर्श विवाह की शुरुआत सुबह 8 बजे वीआईपी रोड स्थित खेल मैदान में की जाएगी। समाज के प्रदेश महासचिव ने बताया कि विगत 28 दिसंबर 2025 को छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज प्रदेश संगठन का चुनाव हुआ। इस चुनाव में कुंवर सिंह निषाद पुनः निर्वाचित होकर प्रदेश संगठन की कमान संभालेंगे। इसके बाद समाज के निर्धन परिवारों के तीन मेधावी बच्चों को उनके सपनों के अनुरूप आईएएस, आईपीएस, सीजीपीएससी एवं व्यापम की परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि भविष्य में कलेक्टर और एसपी बनकर समाज का नाम रोशन कर सकें।

## इवेंट लाइव

# ताईक्वांडो में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों का प्रदर्शन रहा बेहतर, जीता स्वर्ण पदक



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ताइक्वांडो संघ द्वारा 6वीं राज्य स्तरीय स्वर्ण कप आमंत्रण ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 18 जिलों के लगभग 550 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें दुर्ग जिला के 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया और बहुत अच्छा प्रदर्शन करते हुए दुर्ग जिला टीम द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम रनर उप ट्राफी पर कब्जा किया। ताइक्वांडो संघ दुर्ग के सचिव व राष्ट्रीय रेफरी राकेश पुरी गोस्वामी ने बताया कि और आगे बताया कि प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में राकेश पुरी गोस्वामी और ज्योति वर्मा की भूमिका रही। वहीं मुख्य रूप से दुर्ग जिला का कोच और मैनेजर अनिल कुमार देवांगन, चंद्रकुमार साहू, मृत्युंजय प्रधान, ईशु यादव , डोमिनिक पियर्स को दिया गया था, जिन्होंने बहुत ही जिम्मेदारी से निभाया और टीम उपविजेता रही। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में सुहाना गुरुडीक, हर्षित शर्मा, अभिजीत दुबे, जतिन नायक, तनय मेश्राम, मोहित डहरिया, सोनिया सोनी, अक्षया शिवानी, कुश्मीता साहू, तनमय साहू, प्रखर पटेल, समृद्ध ताम्रकार, सोवित ताम्रकार, शिवाय ताम्रकार, नाव्या साहू रहे। रजत पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी आरची गार्डगे, अनन्या गोस्वामी, रोहित रघुनाथ नायर, मितुल कुमार साहू,दिव्यांश देवागन, प्रणय कुमार, रेयांशी देवांगन, पूरन कौर, स्मृति पल, चैतन्य साहू, रेयांशी साहू, सौम्य केवट, प्रत्यक्ष यदु, प्रयास यदु, शौर्य झा रहे।

● भारत रंग महोत्सव में दूसरे दिन पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में बंगाली नाटक की प्रस्तुति ने दर्शकों का मोहा मन

# शास्ति नाटक ने नारी के शोषण और मानवीय रिश्तों की जटिलता को किया उजागर

भारत रंग महोत्सव के दूसरे दिन दीनदयाल ऑडिटोरियम में बंगाली नाटक शास्ति की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। नाटक शास्ति में मानवीय रिश्तों, शोषण और वर्चस्व के जटिल मुद्दों को गहराई से मंच पर कलाकारों ने जीवंत किया। रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा रचित शास्ति एक मार्मिक बंगाली लघु कहानी है, जिसे प्रसिद्ध रंगकर्मी बिरू मुखोपाध्याय द्वारा लिखित और बिधान चंद्र हालदार द्वारा निर्देशित किया।









### मार्मिक बंगाली लघु कहानी पर आधारित

शास्ति एक मार्मिक बंगाली लघु कहानी है, जो ग्रामीण समाज में व्याप्त पितृसत्ता, अन्याय और स्त्री की त्रासदी को चित्रित करती है। इसमें, चिदाम नामक व्यक्ति अपनी पत्नी चंद्रारा द्वारा अपने भाई की पत्नी की हत्या का दोष अपने सिर लेने के लिए मजबूर करता है, लेकिन चंद्रारा उसे सच मानकर फांसी की सजा स्वीकार कर लेती है। यह कहानी सामाजिक न्याय की विफलता पर केंद्रित है।

**रायपुर।** बिधान चंद्र हालदार के रचनात्मक निर्देशन कौशल से मंच सज्जा, संवाद, वेश-भूषा, लाइट समायोजन कमाल का रहा, जिसने नाट्य प्रेमियों को देर रात तक बांधे रखा। बंगाली भाषा में प्रस्तुत इस नाटक का मंचन पारंपरिक और आधुनिक तकनीकों के बेहतरीन मिश्रण सबसे प्रभावित किया। यह नाटक की प्रस्तुति भारत रंग महोत्सव में कला और संस्कृति के समृद्ध संगम का एक उदाहरण प्रस्तुत किया। भारत रंग महोत्सव में नाट्य मंचन की प्रस्तुति देखने नाट्य प्रेमियों की दूसरे दिन भी



हुजूम उड़ा रहा। दर्शकों ने जहां नाटक में रंगकर्मियों के अभिनय को सराहा। वहीं कलाकारों ने रंगमंच से दर्शकों को श्रेष्ठ मनोरंजन की अनुभूति कराया। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली के 20वें भारत रंग महोत्सव और छत्तीसगढ़ रजत जयंती पर आयोजित यह महोत्सव नाट्य प्रेमियों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

### आज की प्रस्तुति फिर आषाढ़ का एक दिन

भारत रंग महोत्सव के तीसरे दिन मोहन राकेश रचित फिर आषाढ़ का एक दिन का नाट्य मंचन तनुजा के निर्देशन में कला और संस्कृति का उदय संस्थान भोपाल के रंगकर्मियों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।



### नाटक का मुख्य आकर्षण

कहानी के मुख्य पहलू चिदाम की पत्नी चंद्रारा एक स्वाभिमानी महिला है। एक दिन चिदाम का भाई दुखिराम अपनी पत्नी से खाना न बनने के कारण गुस्से में उसकी हत्या कर देता है। हत्या को छिपाने के लिए चिदाम अपनी पत्नी चंद्रारा को हत्या का दोष अपने ऊपर लेने को कहता है, यह आश्वासन देकर कि वह उसे बचा लेगा। चंद्रारा, जो अपने पति के इस धोखे और स्वार्थी व्यवहार से अत्यंत दुखी और निराश होती है, अपनी जान बचाने के बजाय अपने पति से नफरत करने लगती है। वह अदालत में झूठ बोलती है कि उसने ही हत्या की है। चंद्रारा अपने पति को अपने जीवन में सजा (शास्ति) के रूप में एक फांसी का दोषी मानती है। वह अंततः फांसी के फंदे को स्वीकार कर लेती है, यह जानकर कि उसका पति अब ताउम्र पछतावे के साथ जिएगा।

### मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक ताने-बाने की झलक

कलाकारों ने नाटक में जीवंत अभिनय और भावनात्मक गहराई के साथ मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक ताने-बाने को दर्शकों तक पहुंचाने में कामयब रही। बिरू मुखोपाध्याय द्वारा लिखित और बिधान चंद्र हालदार द्वारा निर्देशित बांग्ला नाटक शास्ति का मंचन महोत्सव के मुख्य आकर्षणों में से एक रही, जिसने दर्शकों पर एक गहरी छाप छोड़ी। बंगाली कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय से पात्रों को जीवंत कर दिया।


# कला और संस्कृति की छात्राओं ने छोड़ी छाप,स्टेज पर बेस्ट परफॉरमेंस देने होड़

**रायपुर।** शहर के डॉ राधा बाई शासकीय नवीन कन्या कॉलेज में बुधवार को उत्सव का माहौल रहा। प्राचार्य डॉ. प्रीति मिश्रा के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति द्वारा वार्षिक साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रह है। इसके तहत एकल गायन, समूह गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य प्रतियोगिता के बीच छात्राओं में उत्साह के साथ ही जीतने को लेकर होड़ मची। आयोजन का शुभारंभ वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विनोद कुमार जोशी, डॉ मनीषा शर्मा, डॉ कल्पना राय, डॉ प्रीति श्रीवास्तव, डॉ.रूपा, डॉ.नम्रता शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन करते हुए किया। सरस्वती वंदना डॉ. शिल्पी सोनी संगीत विभाग ने प्रस्तुत किया। इसके बाद डॉ. वीके जोशी ने इस आयोजन के लिए समिति एवं छात्राओं को शुभकामना देते हुए कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियों से छात्राओ में छिपी प्रतिभा उजागर होती है।



### प्रस्तुतियों ने लोगों को दिया बेहतर माहौल

मंचीय प्रस्तुति से छात्राओं में आत्मविश्वास का विकास होता है। इसके अंतर्गत छात्राओं ने एकल व समूह गायन की 10 प्रस्तुतियां दी। इसमें देशभक्ति,भक्ति पूर्ण एवं फिल्मी गीतों की श्रृंखला सजाई। एकल और समूह नृत्य की 30 से ज्यादा प्रस्तुतियां हुई। इसमें लोक नृत्य से लेकर देश के विविध प्रांतों की नृत्यों की प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र रही। देशभक्ति और रीमिक्स गीतों पर शिव तांडव, छत्तीसगढ़ी बारामासी, देशी गर्ल, छम्मक छल्लो, संबलपुरी डांस, मोरनी बनके...,पंजाबी डांस, बस्तर एवं सरगुजा के प्रसिद्ध आदिवासी गीत मनोरम नृत्य का आनंद छात्राओं और अभिभावकों ने लिया। गायन प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ. रूपा, डॉ.ज्योति मिश्रा एवं डॉ.चंचल चतुर्वेदी रही।



### गायन और नृत्यों ने बांधा समां, झूमें दर्शक

इसमें एकल गायन में अप्सरा बसाक एवं सोनाली गुप्ता, अंजलि यादव और वसुधा ओगरे विजेता रही। समूह गायन में अप्सरा बसाक एवं साथी, मोक्षांशी पटेल ग्रुप विजेता रही। नृत्य प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ.निशा बारले, डॉ.श्वेता बोहरा, डॉ.दीपा गोस्वामी रही। एकल नृत्य में जीत धीवर, संध्या साहू, मोहनी सोनी एवं अन्नपूर्णा विनर रही। मंच संचालन डॉ.श्वेता अग्निवंशी एवं डॉ सीमा रानी प्रधान ने किया। डॉ.निधि गुप्ता संयोजक साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति ने प्रतिभागी, सहभागी छात्राओं एवं उनके पालकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। सफल आयोजन में समिति की सदस्य डॉ.श्रद्धा मिश्रा,मौसमी लहरे एवं नयनी टांडी का योगदान सराहनीय रहा।

# सुयोग्य जीवन साथी चुनने युवक-युवतियों ने दिया परिचय, दिखी सामाजिक एकता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ठेठवार यादव समाज के तत्वावधान में वार्षिक मिलन समारोह और युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के युवाओं ने सुयोग्य जीवन साथी चुनने के लिए अपने-अपने विचार रखते हुए नशा, दहेज और प्री वेडिंग शूट को नकारते हुए आदर्श विवाह करने का भी संदेश दिया। कार्यक्रम में नरेंद्र कुमार यादव, गुलेंद्र यादव सहित समाज के सभी पदाधिकारी मौजूद रहें। वक्ता के रूप में पाटन से बलराम यादव और रायपुर से मनी यादव ने समाज उत्थान के लिए अपनी बातें रखी। अतिथियों के द्वारा समाज के द्वारा प्रकाशित यादव दर्पण पुस्तिका के ग्यारहवां संस्करण का विमोचन किया गया। समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों द्वारा अपना परिचय मंच के माध्यम से दिया गया। अतिथियों ने समाज के प्रतिभाशाली बच्चों और उल्लेखनीय कार्य करने वाले समाज के लोगो का भी सम्मान किया गया।

# ब्रह्मचारी सुबुद्धानन्द महाराज नगर में



**रायुपर।** श्री शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर से प्राप्त सूचना के अनुसार परम पूज्य ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के निजी सचिव तथा वर्तमान में ज्योर्तिमठ एवं द्वारका शारदा पीठ के सचिव ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानन्द जी महाराज कोलकाता की नियमित फ्लाइट से श्री शंकराचार्य आश्रम बोरिया कला पहुंच चुके हैं। अल्प प्रवास के लिएआपका आगमन हुआ है शंकराचार्य आश्रम बोरिया कला में निवास के उपरांत परमहंसी गंगा आश्रम मध्य प्रदेश के लिए प्रस्थान करेंगे।

शहर से सटे कांदूल में हरदिहा साहू समाज ने किया सामूहिक विवाह का आयोजन, दिनभर रहा उत्सव का माहौल

# 64 जोड़े ने समाज द्वारा सजाए गए लग्न मंडप में लिए फेरे,आदर्श विवाह के साक्षी बने वर-वधू पक्ष के लोग

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शहर से सटे ग्राम कांदूल में हरदिहा साहू समाज द्वारा सामूहिक आदर्श विवाह का भव्य आयोजन किया गया। इससे बुधवार को सुबह 11 बजे से आयोजन स्थल पर उत्सव का माहौल बना। जहां 64 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे,वहीं हरदिहा साहू समाज ने इस साल भी सामाजिक एकता के उद्देश्य से भव्य सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन किया। इस वैवाहिक आयोजन को सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। इसकी शुरुआत भक्त माता कर्मा, भगवान की शिव की पूजा-अर्चना से की गई। हरदिहा साहू समाज रायपुर जिला अध्यक्ष विनय साहू ने बताया कि आयोजन का सफल संचालन करने में समाज के लोगों और पदाधिकारियों ने सहयोग की भावना से दायित्वों का निर्वहन किया। इस मांगलिक आयोजन को सफल बनाने में समाज की महिलाओं ने वर-वधू पक्ष को सहयोग दिया।



### दिनभर निभाई गई वैवाहिक परंपरा, शाम को विदाई



*समाज प्रमुखों ने बताया कि हरदिहा साहू समाज द्वारा रायपुर परिक्षेत्र में 58 से लेकर 100 से अधिक जोड़ों का एक ही मंडप में वैवाहिक आयोजन हर साल किया जाता है। समाज द्वारा सिकलिंग जांच और सामूहिक परिचय सम्मेलन के माध्यम से योग्य जोड़ों का चयन किया जाता है। यह पहल समाज को शादी में की जाने वाली फिजूलखर्ची से बचाने के लिए की जाती है। इस साल भी भव्य आयोजन किया गया। इसमें आगामी दिनों में दोबारा किए जाने वाले आयोजन के बारे में समाज के लोगों को जानकारी दी गई।*

### 84 गांव के प्रमुखों ने नवदम्पत्ति को दिया आशीर्वाद

विवाह एक ही मंडप में सादगी से पारंपरिक तरीके से करने भव्य आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों जोड़े हर साल वैवाहिक परिणय सूत्र में बंधते हैं। बुधवार को 64 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। इस विवाह समारोह में भूषण- झुनझुन और भूपेंद्र- ऊषा भी शादी बंधन में बंधे । उनके पिता पूर्व सरपंच धनीराम साहू ने दोनों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, आरडीए अध्यक्ष नंद कुमार साहू सहित 84 गांव के प्रमुखों ने संयुक्त रूप से नवदम्पत्ति को आशीर्वाद देने के लिए मौजूद थे। सभी समाज के लोगों की मौजूदगी में विधायक श्री सोनी ने पचपेढ़ी नाका स्थित सामाजिक भवन के लिए 10 लाख देने के लिए घोषणा की।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अब प्यार में बदली लुईस और किम कार्दशियन की दोस्ती

मशहूर हॉलीवुड सेलिब्रिटी किम कार्दशियन और फॉर्मूला वन चैंपियन लुईस हैमिल्टन इन दिनों सुर्खियों में हैं। दोनों के बीच लव अफेयर की चर्चा फैंस के बीच होने लगी है। जानिए, दोनों के बीच के रिश्ते को शुरुआत कैसे हुई?



अब तक दोस्त कहे जाने वाले किम कार्दशियन और लुईस हैमिल्टन रूमर्ड कपल माने जा रहे हैं, इनके इश्क में होने को लेकर अटकलें लग रही हैं। दरअसल, इन दिनों किम और लुईस के रिलेशनशिप को लेकर सोशल मीडिया पर खूब अफवाहें उड़ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक किम कार्दशियन और लुईस हैमिल्टन का रिश्ता दोस्ती से प्यार में बदल रहा है। आइए जानते हैं, लुईस हैमिल्टन और किम कार्दशियन के रिश्ते की टाइमलाइन।

किम और लुईस एक-दूसरे को काफी वक्त से जानते हैं। दोनों की पहली मुलाकात करीब एक दशक पहले हुई थी। साल 2014 से दोनों को अलग-अलग इवेंट्स और मौकों पर साथ देखा जाता रहा है। किम जब रैपर कान्ये वेस्ट के साथ शादी में थी तो कई बार लुईस हैमिल्टन से मिलीं।

दरअसल, लुईस हैमिल्टन की उन दिनों सिंगर निकोल शेर्जिंगर को डेट कर रहे थे। ऐसे में हॉलीवुड के म्यूजिक इवेंट्स में दोनों अपने-अपने पार्टनर के साथ आते थे। यहीं से किम और लुईस के बीच दोस्ती बढ़ी। समय के साथ इनकी दोस्ती और मजबूत होती गई। अब फैंस को लग रहा है कि दोनों का लव अफेयर चल रहा है। हालांकि दोनों ने अभी तक अपने रिश्ते को लेकर कोई खुलासा नहीं किया है। लेकिन उनकी नजदीकियां प्यार में होने का इशारा कर रही हैं।

### टॉलीवुड

## आदिवी शेष की 'डकैत' की बदली रिलीज डेट, 'धुरंधर 2' और 'टॉक्सिक' बनी वजह

19 मार्च 2026 को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त क्लैश देखने को मिलेगी। क्योंकि इस दिन बॉक्स ऑफिस पर दो बड़ी फिल्में 'टॉक्सिक' और 'धुरंधरः द रिवेंज' रिलीज होने वाली हैं। दोनों ही फिल्मों को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है। इन्हीं फिल्मों के साथ 19 मार्च को आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की 'डकैतः एक प्रेम कथा' भी रिलीज होनी थी। लेकिन अब 'डकैत' के मेकर्स ने इस क्लैश से बचने के लिए अपनी फिल्म आगे बढ़ा ली है।



'टॉक्सिक' और 'धुरंधरः द रिवेंज' जैसी बड़ी फिल्मों की टक्कर से बचने के लिए 'डकैत' के मेकर्स ने फिल्म की रिलीज आगे बढ़ाने का फैसला किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 19 मार्च को रिलीज होने वाली 'डकैत' अब 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फैसले की वजह 'टॉक्सिक' और 'धुरंधर 2' जैसी फिल्मों की क्लैश से होने वाले नुकसान से बचना है। ताकि 'डकैत' लंबे समय के लिए सिनेमाघरों में बनी रहे और दर्शक जुटाती रहे। 'डकैत' के निर्माताओं ने दोनों फिल्मों और उनकी क्रिएटिव टीमों के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय इसलिए लिया गया ताकि फिल्म को उसका उचित स्थान मिले और दर्शक प्रत्येक फिल्म को अपने-अपने तरीके से अनुभव कर सकें। शेनिल देव द्वारा निर्देशित 'डकैत' की कहानी एक ऐसे गुस्सैल कैदी की कहानी है, जो अपनी धोखा देने वाली पूर्व प्रेमिका से बदला लेना चाहता है। यह फिल्म हिंदी और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म में आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर के अलावा अनुराग कश्यप और प्रकाश राज भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। पिछले साल दिसंबर में फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया गया था।

### भोजपुरी

## अक्षरा ने एब्स दिखाकर लूट लिया मजमा जिम वाली फोटोज ने मचाई सनसनी

भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं, जहां वो पोस्ट शेयर करके अपने फैंस को अपडेट देती रहती हैं। अब उन्होंने जिम में पसीना बहाते हुए अपनी फोटोज शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। उनके एब्स देखकर हर कोई हैरान है। फैंस का कहना है कि वो बिहार की शेरनी और भोजपुरी क्वीन हैं। इन फोटोज को देखकर ऐसा लग रहा है कि अक्षरा सिंह छत पर ओपन जिम में वर्कआउट कर रही हैं। इस दौरान वो पोज देना नहीं भूलीं। उन्होंने अपनी टोन्ड बॉडी और ऐप्स भी फ्लॉन्ट किए। अक्षरा के पोस्ट पर फैंस ने खूब प्यार लुटाया है। एक ने कहा, 'बिहार की शेरनी और मेरी फेवरेट आर्टिस्ट। मेरी बचपन की क्रश।' दूसरे ने कहा, 'मैम हमेशा रानी की तरह दिखती हैं।' एक और ने कहा, 'बेबी डॉल।' अक्षरा सिंह ने पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'तू करे तो सबकुछ अच्छा, मैं करूं तो गंदी हूं। अरे वाह गाना याद है ना??' ये कैप्शन देख कुछ यूजर्स पूछ रहे हैं कि आखिर उन्होंने किस पर निशाना साधा है।




कुछ दिन पहले ही अक्षरा ने नफरत करने वाली रील शेयर की थी। इसमें बैकग्राउंड में डायलॉग चल रहा है, 'किसी को नफरत है मुझसे, कोई प्यार कर बैठा, किसी को यकीन नहीं मुझपे, कोई ऐतबार कर बैठा।

### लाइफ स्टाइल




जनवरी के आखिर में मेन्स फैशन वीक ऑटम-विंटर 2025-2026 खत्म हो चुका है। अब फैशन मैगजीन लक्सस ने आने वाले सर्दियों के मौसम के लिए पुरुषों के वॉर्डरोब में आने वाले मुख्य ट्रेंड्स को रीकैप किया है। जिसमें फर से लेकर पिंक और डेंडी स्टाइल शामिल हैं। यहां बड़े फैशन कैपिटल्स ने बारी-बारी से अपने ऑटम-विंटर 2025-2026 मेन्स शो पेश किए।

## ब्राइडल मेहंदी को इस तरह दें पर्सनलाइज टच

शादी की अहम रस्मों में मेहंदी लगाने का रिवाज निभाया जाता है। ब्राइडल मेहंदी अपने आप में खास होती है। यही कारण है कि लड़कियां मेहंदी के डिजाइन पर खास ध्यान देती हैं। आखिर ब्राइडल मेहंदी का स्पेशल होना तो बनता है। क्या आप अपनी ब्राइडल मेहंदी को पर्सनलाइज टच देना चाहती हैं? ताकि आपकी मेहंदी और भी सुंदर लगे। आज हम आपके लिए ऐसे ही कुछ आइडियाज लेकर आए हैं जिन्हें आप अपनी मेहंदी डिजाइन के लिए चुन सकती हैं। ऐसा माना जाता है कि हमारे जोडियक साइंस हमारी जिंदगी को कुछ हद तक प्रभावित करते हैं। इनका हमारी लाइफ में अहम रोल होता है। इसलिए दूल्हा दुल्हन के राशि भी देखी जाती है। क्या आपकी भी शादी होने वाली है? मेहंदी रस्म में बस कुछ ही दिन बाकी हैं और आप चाहती हैं कि आपकी ब्राइडल मेहंदी सबसे अलग और मीनिंगफुल हो? तो ऐसे में आप अपने हाथों पर अपना और अपने पार्टनर का जोडियक साइन बन सकती हैं। आप सिंबल को अपने हिसाब से डेकोरेट भी करवा सकती हैं ताकि वह कर सुंदर दिखे। लीजिए बन गई आपकी ब्राइडल मेहंदी स्पेशल।



अगर आपको शायरी लिखने और पढ़ने का शौक है तो आपको यकीनन यह आइडिया जरूर पसंद आएगा। आप अपनी ब्राइडल मेहंदी में अपने पार्टनर को कोई शायरी डेडिकेट कर सकती हैं। मेहंदी को यूनीक टच देने के लिए आप चाहें तो हिंदी इंग्लिश के बजाय कोई दूसरी भाषा में भी शायरी लिखवा सकती हैं। शायरी नहीं तो केवल आई लव यू भी एक अच्छा ऑप्शन है। यकीन मानिए आपकी इस स्टाइल की ब्राइडल मेहंदी सभी को जरूर पसंद आएगी।

पर्सनलाइज्ड मेहंदी के लिए शानदार आइडियाज

लव स्टोरी के एलिमेंट्सः अपनी पहली मुलाकात, प्रपोजल वाली जगह (जैसे टावर ब्रिज) या पहली ट्रिप की यादों को मेहंदी में उतरवाएं।

अनोखे चित्रः वर-वधू के चेहरे, उनके जोड़े, या पसंदीदा कार्टून (जैसे अलादीन-जैस्मीन) के चित्र बनवाएं।

नाम और तारीखः मेहंदी के डिज़ाइन में वर-वधू का नाम, शादी की तारीख, या हैशटैग शामिल करें।

निजी संदेशः अपनी हथेलियों पर अपने पार्टनर के लिए कोई प्यारा नोट, कविता, या उनकी पसंदीदा लाइन लिखवाएं।

पालतू जानवर या शौकः यदि आपके पास पालतू जानवर है, तो उनका चित्र या अपने पसंदीदा शौक (हॉबी) को शामिल करें।


अनोखे प्रतीकः मंडप, गठबंधन, या मंगलसूत्र जैसे विवाह के प्रतीकों का प्रयोग करें।

प्रो टिपः एक कुशल मेहंदी आर्टिस्ट के साथ मिलकर अपनी कहानी को डिजाइन में पिरोएं और इन छोटे-छोटे व्यक्तिगत तत्वों को जोड़कर इसे और भी यादगार बनाएं!

## शादियों में पहनिए ऐसे लहंगे जो रहते हैं हमेशा चलन में



फिलहाल सर्दियां लौटने की राह पर हैं और शादियों का मौसम है। ऐसे में अगर बात करें महिलाओं की तो हर महिला को लहंगा पहनना बेहद पसंद है। ऐसे में आप शादियों में पहनने के लिए लहंगा तैयार करा सकती हैं। आज हम आपको लहंगे के कुछ लेटेस्ट डिजाइन दिखाने जा रहे हैं, ताकि आप अभी से अपने लिए लहंगा तैयार करा सकती हैं। अगर आप अभी से अपना लहंगा तैयार करा लेंगी तो आपको शादियों पर अपना जलवा दिखा सकती हैं।



### फिशकट गोल्डन लहंगा

अगर आप कुछ अलग बनवाने का सोच रही हैं तो इस तरह का फिशकट लहंगा आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। ये देखने में स्टाइलिश लगता है।

### हैवी वर्क वाला ब्लू लहंगा

हिना खान का लहंगा देखने में काफी क्लासी लगता है। इस तरह के लहंगे में आप खूबसूरत के साथ आप अपना ग्लैमरस अंदाज भी दिखा सकती हैं।

### पीले रंग का लहंगा देगा अलग लुक

इस तरह का लहंगा देखने में काफी क्लासी लगता है। कियारा आडवाणी का ये लहंगा लुक देखने में काफी प्यारा लग रहा है। आप उन्हीं की तरह लहंगा बनवा सकती हैं।

### सिल्क फैब्रिक में हैवी लहंगा

अगर आपको सिल्क फैब्रिक का लहंगा पसंद है तो ये एक बेहतर ऑप्शन है। सिल्क के फैब्रिक में आजकल ऐसा हैवी वर्क का लहंगा भी काफी चलन में है। ये देखने में काफी प्यारा लगता है।

### करिश्मा का इंडो वेस्टर्न लहंगा लुक

अगर आप लहंगे के साथ इंडो वेस्टर्न लुक कैरी करना चाहती हैं तो करिश्मा कपूर का लहंगा एक बेहतर विकल्प है। इसके लिए आपको लहंगे के दुपट्टे को खास अंदाज में कैरी करना है।

### ब्राउन रंग का सिल्क लहंगा

वैसे तो त्योहारों में चटक रंग पहनने का रिवाज है लेकिन बहुत सी लड़कियां और महिलाएं लाल, पीला और हरा रंग पहनना पसंद नहीं करतीं।

## हर मेकअप प्रोडक्ट के लिए इस्तेमाल होता है अलग ब्रश

आज के समय में चाहे पुरुष हो या महिला, हर किसी की जिंदगी में मेकअप की काफी अहम भूमिका होती है। मेकअप करने से सिर्फ खूबसूरती में चार चांद नहीं लगते, बल्कि साथ में इसके इस्तेमाल से लोगों का आत्मविश्वास भी बढ़ जाता है। अगर आपको मेकअप करना आता है तो आप पूरी तरीके से अपने लुक में बदलाव ला सकते हैं। दरअसल, सही से मेकअप करना एक कला है, ऐसे में ठीक कला की ही तरह मेकअप के लिए भी सही प्रकार के ब्रश की जरूरत पड़ती है। अगर आप मेकअप के दौरान गलत ब्रश का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपका मेकअप बिगड़ सकता है।

### फाउंडेशन ब्रश

लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल करने से लिए सबसे पहले फाउंडेशन ब्रश का ही इस्तेमाल करना चाहिए। इस ब्रश की मदद से फाउंडेशन बराबर मात्रा में फैलता है और फ्लोलेस कवरेज देता है। फाउंडेशन ब्रश की मोटाई अच्छी खासी होती है और इसे ब्रिसल्स मुलायम व लचीले होते हैं।



### फैन ब्रश

जब मेकअप करते वक्त चेहरे पर अतिरिक्त पाउडर लग जाता है तो ये ब्रश इसे हटाने में मदद करता है। यह आकार में फैन की तरह चपटा होता है, इसलिए इसे फैन ब्रश बोलते हैं।

### आईशैडो ब्रश

अगर आपको आई मेकअप करना पसंद है तो आईशैडो ब्रश के बारे में आपको पता होना बेहद जरूरी है। आईशैडो के लिए अलग-अलग प्रकार के ब्रश आते हैं। ऐसे में इन्हें अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें।

## फटी-पुरानी लेगिंग्स भी हैं बड़े काम की



आपको बस थोड़ी-सी मेहनत करनी होगी और आप पुरानी लेगिंग्स को नए-नए तरीके से घर में इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर आप क्राफ्ट और आर्ट्स में शौक रखती हैं, तब यह आपके बाएं हाथ का खेल होगा। आइए आपको पुरानी लेगिंग्स को दोबारा इस्तेमाल करने के तरीके बताएं।

### लेगिंग्स से बनाएं लैंपशेड्स

अगर आपके पास कोई प्रिंटेड लेगिंग पड़ी है, तो उसे फेंकने से अच्छा है कि अपने लैंप को सजा सकती हैं। आप उस पुरानी लेगिंग्स से एक खूबसूरत लैंपशेड बना सकती हैं।

### कैसे बनाएं लैंपशेड

अपनी लेगिंग्स के दोनों पैरों को अलग-अलग काटकर रख लें। एक हिस्से को स्ट्रेच करें और फिर अपने लैंप पर एक किनारे पर ग्लू से चिपका दें। अप कपड़े को लैंप के चारों ओर लपेट लें। इसके बाद फिर से ग्लू से इसे अच्छी तरह से चिपका लें। ध्यान रखें कि आप इसे लगाते हुए 1 सेंटीमीटर का मार्जिन छोड़ें। इस तरह से आप एक फैब्रिक से दो लैंपशेड्स का डेकोर कर सकती हैं।

### लेगिंग्स से बुना हुआ फ्लोर मैट बनाएं

आपने देखा होगा, आजकल कुछ चटाई वाले घर आकर आपके पुराने कपड़े मांगते हैं और फिर आपके लिए सुंदर से फ्लोर मैट तैयार कर देते हैं। ये बुने हुए फ्लोर मैट काफी ट्रेंड में हैं और बैठने के लिए काफी अच्छे और मोटे होते हैं। आप लेंगिग्स से ये फ्लोर मैट आसानी से बना सकती हैं।

### कैसे बनाएं बुना हुआ फ्लोर मैट

आपके पास 2-3 अलग-अलग तरह की या प्रिंट वाली लेगिंग्स है, तो आपका काम आसानी से हो जाएगा। इसके अलावा आप कोई पुरानी साड़ी, कपड़ा, बच्चों की टी-शर्ट और कोई भी कपड़ा इसके साथ जोड़ सकती हैं। लेगिंग्स को फाड़कर लंबी स्ट्रिप्स में अलग-अलग कर लें। इसके बाद हर सिरे को दूसरे सिरे से बांधें, ताकि आप गुंथकर एक लंबी स्ट्रैंड तैयार कर सकें।

### कार्नर न्यूज

### मेंसवियर में कम विकल्प के बावजूद लेटेस्ट फैशन जरूर अपनाएं

## कार्गो पैंट पहनना हो तो याद रखिए जरूरी स्टाइलिंग टिप्स, लोग करेंगे तारीफ

पुरुषों के पास कपड़ों में वैरायटी कम होती है। लेकिन फिर भी विकल्प कई होते हैं। जैसे पैंट्स में ही उन्हें कई ऑप्शन मिल जाते हैं। बस इन ऑप्शन में से अपने लिए कोई खास चुनना होता है। इसमें ऐसा चुनाव करना होता है जो आप पर अच्छा लगे और मौके के हिसाब से भी ठीक हो। कार्गो पैंट्स भी इन्हीं में से एक हैं। लेकिन ज्यादातर पुरुष इन्हें हैंगआउट जैसे मौकों के लिए ही रखते हैं। लेकिन कार्गो के लिए सिर्फ मौके की नहीं स्टाइलिंग की भी जरूरत होती है।

मतलब कार्गो पहननी है तो आपको स्टाइलिंग के कुछ खास विकल्पों को सीखना और समझना होगा, तब ही आप बेस्ट रिजल्ट पा सकेंगे। कार्गो को स्टाइल करने के लिए किन बातों का ध्यान रखना होगा, जानिए-

तीन तरह की कार्गो पैंट्स में क्लासिक यूटिलिटी पैंट्स, कार्गो जॉगर्स और स्किनी कॉम्बाट ट्राउजर्स चलन में है।

### स्लिम और स्ट्रेट कट

कार्गो पैंट्स अक्सर ढीले पैटर्न में बनी होती हैं। इस वजह से ये हर बॉडी टाइप पर सूट नहीं करती हैं। जबकि इस वक्त सबसे बेहतरीन कार्गो पैंट्स वो हैं जो स्लिम या फिर स्ट्रेट कट में बनी हों। ओवरसाइज़ कार्गो पैंट्स भी काफी पसंद की जा रही है लेकिन इतनी ढीली नहीं होनी चाहिए कि आप मजाक ही बन जाएं। इसलिए अपनी हाइट और पर्सनालिटी को देखते हुए स्ट्रेट, स्लिम या ओवरसाइज़ में से चुनाव करें।





### फैब्रिक हो ऐसा

कार्गो के स्टाइल और पैटर्न पर तो बात हो गई लेकिन इसके फैब्रिक के बारे में भी जान लीजिए। काग्रो में हमेशा कॉटन या कार्डरे मटेरियल ठीक रहता है। आप इन्हीं में से चुनाव करें।

### कार्गो पैंट्स और स्टाइल

कार्गो का स्टाइल मिलिट्री जैकेट्स के साथ सबसे अच्छा लगता है। लेकिन कार्गो के साथ मिलिट्री जैकेट पहनकर ऐसा लगता है मानो अभी-अभी मिशन से आए हों। इसलिए इन पैंट्स के साथ डेनिम जैकेट का कॉम्बिनेशन कीजिए। इसके साथ हाइकिंग बूट्स पहनिए। ये लुक आप पर बहुत अच्छा लगेगा। गर्मी का मौसम है तो इस वक्त ओवरसाइज़ टीशर्ट और सफ़ेद स्नीकर्स भी पहने जा सकते हैं।

### क्या हों खासियत

एक कार्गो पैंट में कुछ खासियतें होनी चाहिए जैसे- प्लीटेड फ्रंट, बेहतरीन हेम और कलर में म्युटेड टोंस हो।

### टी शर्ट का साथ

कार्गो पैंट्स के साथ शर्ट नहीं लेकिन टी शर्ट बेहतरीन लगती है। टी शर्ट में भी चंकी क्रू नेक कार्गो के साथ अच्छी लगती है। इसके साथ टर्टल नेक टी शर्ट भी कार्गो के अथ अच्छे से मैच होती है।

